
तापमान
अधिकतम 36.02 डिग्री
न्यूनतम 20.06 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 फरवरी 2025



13 रिंग रोड से घड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण...


13 चुनाव के लिए मांग ली बसें, अब 80% निजी स्कूलों...




# कान पकड़कर की उठक-बैठक, अपराध से किया तौबा, चाकूबाज-बदमाशों की थाने में परेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां मारपीट, चोरी, चाकूबाजी, लूट जैसी वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस भी हिस्ट्रीशीटरों से लेकर पुराने चाकूबाज और गुंडे-बदमाशों में पुलिस का खौफ बना रहे, इसके लिए सभी आरोपियों को थाने बुलाकर उनकी परेड लेने के साथ ही अपराध नहीं करने की कड़ाई से समझाइश दे रही है। इसी कड़ी में बुधवार को सिविल लाइन थाने में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के लगभग 50 पुराने गुंडे-बदमाशों को बुलाकर उनकी परेड ली। इनमें हिस्ट्रीशीटर के साथ चाकूबाज भी शामिल थे। इन सभी आरोपियों को कान पकड़कर उठक-बैठक कराते हुए अपराध से तौबा कराया गया। इस दौरान आरोपियों से यह भी बुलवाया जा रहा है कि भविष्य में वे ▶▶|शेष पेज 13 पर



### सोशल मीडिया में सक्रिय गुंडे-बदमाशों को बुलाया जा रहा थाने

*इस अभियान के तहत सोशल मीडिया में भी सक्रिय रहने वाले गुंडे-बदमाशों को थाने में तलब किया जा रहा है। सोशल मीडिया में अब तक कई गुंडे-बदमाश डॉन, माफिया, गैंगस्टर सहित विभिन्न नामों से अपना आईडी बनाकर हाथ में चाकू, तलवार, एयर गन, पिस्टलनुमा लाइटर गन सहित अन्य हथियारों के साथ फोटो, विडियो व रील्स बनाकर अपलोड व पोस्ट कर वायरल कर रहे हैं। ऐसे गुंडे-बदमाशों को भी पुलिस अब थाने बुलाकर कड़ाई से समझाइश दे रही है।*

## खबर संक्षेप

### नशीला टेबलेट बिक्री करते एक गिरफ्तार



**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने प्रतिबंधित नशीला टेबलेट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 5 फरवरी को सूचना मिली कि भोईपारा स्थित सुलभ के पास एक व्यक्ति एक्विा वाहन में प्रतिबंधित नशीला टेबलेट बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से निट्रोसम-10 प्रतिबंधित 220 नशीला टेबलेट जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शशांक पांडेय उर्फ सेम 28 वर्ष निवासी सत्यम विहार कालोनी रायपुरा का होना बताया। इस मामले में उसके विरुद्ध धारा 8, 21, 27(क) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### मोडिफाई वाहन में सड़क पर व्यवसाय 6 चालकों पर कार्रवाई

**रायपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए यातायात पुलिस लगातार नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख मार्गो पर बगैर परमिट के मोडिफाई वाहन में यातायात को बाधित करते हुए रोड पर व्यवसाय करने वाले मोबाइल सामग्री विक्रेता वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 6 वाहन को जब्त किया है। जब्ती के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सभी के विरुद्ध मोटरयान के प्रावधानों के तहत 40 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया।

### गांजा तस्करी करते महिला सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राइम साइबर एवं गंज पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित दो लोगों को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस को 4 फरवरी को सूचना मिली थी कि नर्मदापारा स्थित गुप्ता गेस्ट हाउस के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ठहरे हैं, जो अपने पास गांजा रखे हैं। इस सूचना पर टीम ने इस गेस्ट हाउस के कमरे में छापा मारा और वहां से महिला नूरजहां पति शमीम 43 वर्ष निवासी टोनिकासिटी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश एवं मोहम्मद जावेद 48 वर्ष निवासी गडीपुस्ता टोनिका सिटी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के बैग से 21 किलो 610 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 15 हजार रुपए है। दोनों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन के लैब वाले भवन का उपयोग, दफ्तर भी संचालित

# दवाइयां जब्त की, रखने जगह नहीं, कूड़े जैसे हालात, गुटखा गायब, सूख गया सैनेटाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


लोगों की सेहत का ध्यान रखते हुए गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ और दवाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभाने वाले खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के पास पर्याप्त ठिकाना नहीं है। विभाग के लैब के भवन में उनका दफ्तर चल रहा है और वहीं जब्त मिलावटी दवाएं सहित अन्य सामान डंप किए जाते हैं, जिसके गलत हाथों में जाने की आशंका भी बनी रहती है। यहां मिलावटी आर्युवैदिक दवाओं की चोरी हो चुकी है। जब्त गुटखा भी गायब बताया जा रहा है। कोरोना काल में जब्त सैनेटाइजर के ड्रमों का कैमिकल भी सूखने के हालात में हैं।


हरिभूमि सरोकार

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के रायपुर जिले का कार्यालय कालीबाड़ी स्थित परीक्षण शाला के भवन में संचालित होता है। विभागीय टीम विभिन्न सूचनाओं पर लाभ के लालच में मिलावट का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती है और उनसे सामान भी जब्त करती है। मिलावटी सामान और दवाओं के खराब होने अथवा छेड़छाड़ होने की आशंका भी बनी रहती है। विभागीय टीम द्वारा कोरोनाकाल में आपदा को अवसर बनाने वालों पर बड़ी कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 13 पर

### खुले में पड़े जब्त सेनेटाइजर के ड्रम, वाताहरी वटी के डिब्बे सीढ़ियों के नीचे डंप









**दवा हुई थी चोरी, गुटखा का पता नहीं**

करीब दो साल पहले औषधि विभाग द्वारा बरामद वाताहरी वटी की काली गोलियां डिब्बे सहित चोरी हो गई थी। बाद में पुलिस ने देवार डेरा की कुछ महिलाओं से करीब बीस लाख की दवा और डिब्बे बरामद किए थे। कबाड़ होने के संदेह में उसे महिलाएं उठा ले गई थीं। इसी तरह विभागीय तौर पर जब्त किया गया बड़ी मात्रा में गुटखा भी यहां से गायब हो गया था।

#### रखना मजबूरी

विभागीय सूत्रों के मुताबिक जब्त किए गए सामान का प्रकरण में फैसला आने के बाद ही नष्टीकरण किया जाता है। जब तक मामला न्यायालय में विचाराधीन रहता है, इससे संबंधित तमाम सामग्री को सुरक्षित रखना पड़ता है। विभाग के पास बरामद सामान को रखने के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है, इसकी वजह से उसे इधर-उधर रखना मजबूरी है।

#### जुगाड़ का कोल्ड स्टोरेज

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा किसी संस्थान में छापेमारी की जाती है तो कार्रवाई के बाद वहां मिले सामानों की जब्ती दिखाकर वहीं रखवा दिया जाता है। वहीं मामले में किसी तरह का संदेह होता है, तो उसे जुगाड़ के दूसरे कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है। पिछले दो महीने में पनीर के तीन प्रकरण में दोनों तरह की कार्यवाही को अपनाया गया था।

# लखमा को राहत नहीं, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में फंसे प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री व कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को बुधवार को भी राहत नहीं मिल पाई। ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। एक दिन पूर्व ईडी ने लखमा को रिमांड खत्म होने पर स्पेशल कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई करते हुए लखमा की न्यायिक रिमांड 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। कवासी लखमा ने ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार किए जाने की आशंका से वकील के माध्यम से अपनी अग्रिम जमानत की याचिका कोर्ट में लगाई थी। इस याचिका पर 4 फरवरी को कोर्ट में सुनवाई भी हुई थी। दोनों पक्षों की ओर से तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले को बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा था। ईओडब्ल्यू कोर्ट ने बंद लिफाफा खोलते हुए आज फैसला सुनाते हुए अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। सूत्रों के अनुसार ईओडब्ल्यू की ओर से कोर्ट में वकील ने पक्ष रखा था कि लखमा को शराब कार्टल से हर महीने 50 लाख रुपए कमीशन दिए जाते थे। ईडी का भी आरोप है कि कवासी को दो करोड़ रुपए हर महीने मिलते थे। आबकारी विभाग में हो रही हर गड़बड़ी की जानकारी कवासी को थी, पर उन्होंने इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया, इसलिए उनकी जमानत याचिका खारिज होनी चाहिए। इधर कवासी लखमा की ओर से उनके वकील ने भी अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि किसी विधायक को गिरफ्तार एफआईआर के आधार पर नहीं किया जा सकता है। इसके लिए पहले सरकार से मंजूरी लेनी चाहिए। दोनों पक्षों के वकीलों के तर्क के आधार पर कोर्ट ने अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया है।



#### *21 सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला*

*छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन के कार्यकाल में 21 सौ करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है। इस घोटाले में अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं। ईडी की जांच में इस घोटाले में तत्कालीन आबकारी मंत्री कवासी लखमा को भी गिरफ्तार किया गया है। ईडी का आरोप है कि सिंडिकेट का कवासी अहम हिस्सा थे। इसी हिस्सेदारी के रूप में हर महीने लखमा को दो करोड़ रुपए मिलते थे।*

#### 18 फरवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल

कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड एक दिन पहले ही 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। कवासी की 14 दिनों की न्यायिक रिमांड खत्म करने के बाद उन्हें पेश किया था, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें फिर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# म्यूल अकाउंट मामले में 13 और धरे गए, लाखों का लेनदेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस साइबर ठगी करने के लिए बैंक खाते खुलवाने और खातों को आपरेट करने वाले एजेंट और ब्रोकर की लगातार पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने बुधवार को 10 स्थानों पर छापा मारकर 13 एजेंट-ब्रोकरों को गिरफ्तार किया है। ये सभी साइबर ठगी में बैंक खाते खुलवाने और उन्हें आपरेट करने में संलिप्त थे। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने साइबर ठगी पर अंकुश लगाने तथा इन मामलों में संलिप्त खाता धारक से लेकर ब्रोकर, एजेंट, बैंक अधिकारी व सिम सप्लायर सभी आरोपियों की पतासाजी करने निर्देश दिए हैं। इसके तहत साइबर क्राइम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने योजना तैयार कर म्यूल अकाउंट खोलने में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। सिविल लाइन पुलिस ने अपराध क्रमांक ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### *10 स्थानों पर छापा 13 पकड़े गए*

*पूर्व आरोपियों से मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने बुधवार को तड़के 10 स्थानों पर छापा मारा। इस दौरान 13 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कोई बैंक खातों को खुद ऑपरेट करता था, तो कोई ठगी की रकम को इधर-उधर करता था। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।*

#### एक से तीसरे चरण तक 140 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

पुलिस ने साइबर ठगी में म्यूल बैंक अकाउंट की जांच योजना के तहत पहले चरण में म्यूल बैंक अकाउंट के 62 धारक व संवर्धकों को गिरफ्तार किया था। इसी प्रकार दूसरे चरण में 6 तथा तीसरे चरण में 4 बैंक कर्मी सहित कुल 72 लोगों को गिरफ्तार किया था। तीन चरण के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण से खाता खुलवाने, साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने, रकम को इधर-उधर करने में शामिल आरोपियों का सुराग मिला।

**तीस घंटे चला सर्वे**

# सराफा कारोबारियों से पकड़ी गई 15 करोड़ की टैक्स चोरी

- राजधानी के एएम ज्वेलर्स और धमतरी के सेठिया ज्वेलर्स में आयकर सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीस घंटे तक चले सर्वे में आयकर विभाग की टीम ने रायपुर के एएम ज्वेलर्स और धमतरी के सेठिया ज्वेलर्स में कई दस्तावेज खंगाले। इस बीच दोनों कारोबारियों ने 15 करोड़ की टैक्स चोरी स्वीकारी है। आईटी की टीम मंगलवार से दोनों व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जांच के लिए जुटी हुई थी। सर्वे के दौरान आयकर विभाग की टीम को कई बेनामी लेनदेन की जानकारी भी मिली है। इस आधार पर दस्तावेजों और इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ लेनदेन से संबंधित पेपरों का बैकअप लिया गया है। सूत्रों के अनुसार सभी दस्तावेजों और इलेक्ट्रानिक डिवाइस की जांच पूरी करने के बाद दोनों संस्थाओं के खिलाफ टैक्स का निर्धारण किया जाएगा।

इस सर्वे कार्यवाही में आयकर विभाग के 30 से ज्यादा अफसरों को लगाया गया था। आयकर विभाग की टीम टैक्स चोरी करने वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के सामने रायपुर के सराफा कारोबारी ने 10 और धमतरी के ज्वेलर्स ने 5 करोड़ का टैक्स सरेंडर किया है।







पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


# सेंट्रल जीएसटी का अधीक्षक और ड्रायवर की सीबीआई रिमांड 10 फरवरी तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पांच लाख रिश्वत के साथ पकड़े गए थे दोनों

पांच लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए सेंट्रल जीएसटी के अधीक्षक भरत सिंह और ड्रायवर विनय राय की रिमांड अवधि 10 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। सीबीआई ने न्यायालय में तर्क दिया है कि रिश्वत लेने के मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले को भी गिरफ्तार किया जाना है।

सीबीआई ने 31 जनवरी को चार लाख की रिश्वत लेते हुए सीजीएसटी के ड्राइवर विनय राय को रंगे हाथों पकड़ा था। उससे मिले इनपुट के आधार पर सीजीएसटी दफ्तर में दबिश देकर अधीक्षक भरत सिंह को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को एक फरवरी को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की रिमांड पर लिया गया था। बुधवार को उन्हें पुनः कोर्ट में पेश कर रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकृति दी। आरोप है कि सेंट्रल जीएसटी की टीम ने जनवरी के अंतिम दिनों में दुर्ग में छापेमारी की और गड़बड़ी पकड़े जाने पर व्यापारी से 34 लाख रुपए की मांग की थी। इस दौरान एक व्यक्ति की मध्यस्थता पर पांच लाख रुपए ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### सरकारी जमीन पर कब्जा कठोर कार्रवाई की मांग

**मंदिर हसौद।** ग्राम सकरी बाराडेरा में कचरा प्लांट के पास भू माफिया जग्गू सिंह ठाकुर रायपुर निवासी द्वारा चारागाह सरकारी घास जमीन खसरा नम्बर 498 ग्राम सकरी के लगभग दो एकड़ में कब्जा कर मिट्टी डाला जा रहा है जिसका सकरी के पूर्व सरपंच नारायण कुर्रे एवं तुलसी के सरपंच टुमन धीवर, सकरी के पूर्व सरपंच टी आर सिन्हा ने विरोध जताते हुए राजस्व अमले के तहसीलदार एवं पटवारी को लिखित शिकायत दर्ज कराया आखिर पंचायत चुनाव आचार संहिता के दौरान कोई कैसे भू माफिया बिना अनुमति के 2 एकड़ सरकारी चारागाह घास जमीन में कब्जा करने की नीयत से मिट्टी पटिंग किया जा रहा है जो गैर कानूनी है। पूर्व सरपंच नारायण कुर्रे ने कहा कि भूमाफिया नाली को भी पाट दिया है जो किसानों के लिए सिंचाई के साधन को अवरोध करने की नियत दिखाई दे रही। जो जमीन पर भू माफिया कब्जा कर रहे हैं उस जमीन पर ग्राम पंचायत द्वारा अटल बाजार निर्माण के लिए पहले भी प्रस्तावित किया जा चुका है।

### लक्ष्मी विहार में धार्मिक अनुष्ठान किया गया

**आरंग।** सोमवार को प्रदेश में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी कडी में सनातन धर्म परिशद के तत्वाधान में लक्ष्मी विहार कालोनी आरंग में शिव मंदिर के समीप विश्व शांति व कल्याण निमित्त मुंगेली के आचार्य पं. मुकेश दीक्षित द्वारा सत्यनारायण व्रत कथा, गोपाल जी का अभिशेक व हवन संपन्न हुआ।

## निधन

### पं. रामकुमार शर्मा

**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध कर्मकांडीय पुरोहित, ज्योतिषी व



भगवताचार्य रामकुमार शर्मा का 4 फरवरी रात्रि हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कोंडापार मे किया गया। बड़ी संख्या मे उनके अनुयायी व शिष्य उनके निवास पहुंचकर पं. रामकुमार शर्मा को श्रद्धांजलि दी। वे ज्ञानेश्वर महराज के बड़े भाई थे।

**मांग : पिछले कई वर्षों से स्वतंत्र पंचायत की मांग पर मिला केवल आश्वासन**

# जावा को पंचायत बनाने की मांग मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग ब्लॉक के ग्राम पंचायत सकरी के आश्रित ग्राम जावा के मतदाता इस बार पंचायत चुनाव में वोट डालने के पक्ष में नहीं है। दरअसल पिछले कई वर्षों से आश्रित ग्राम जावा के रहवासी प्रशासन और सरकार से मांग करते आ रहे हैं कि जावा को भी पूर्ण ग्राम बना दिया जाए यानी ग्राम पंचायत का दर्जा ग्राम जावा को भी दे दिया जाए इसके लिए ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से प्रशासन और सरकार को पत्र के ऊपर पत्र लिखने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार की ओर से उनकी मांगों पर कोई विचार अब तक नहीं हो पाया। ऐसे में इस बार पंचायत चुनाव के दौरान जावा गांव के मतदाताओं ने संकल्प ले लिया है और मन में ठान लिया है कि इस बार किसी को भी वोट मतदाता नहीं देंगे। ग्राम पंचायत के प्रमुख कन्हैया वर्मा का



कहना है कि जिस तरह शासन प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायत सकरी में विकास कार्य किया गया, पर आश्रित ग्राम जावा में विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। विकास से ग्राम पंचायत सकरी का आश्रित ग्राम अछूता है, इसलिए ग्रामवासियों से बैठक कर निर्णय लिया गया है कि इस बार गांव के एक भी मतदाता मतदान नहीं करेंगे, भले उनका मतदान व्यर्थ चला जाए। आश्रित ग्राम जावा के पंच भी है। गांव के पंच विक्रम वर्मा और बिसंबर वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कई सालों से ग्राम पंचायत सकरी के आश्रित ग्राम जावा को अलग कर पूर्ण ग्राम पंचायत का दर्जा देने के लिए लगातार मंत्री नेता और अधिकारियों से मुलाकात की गई आश्रित ग्राम जावा में लगभग 650 मतदाता है जिन्होंने मिलकर इस बार निर्णय लिया है कि पंचायत चुनाव में भाग नहीं लेंगे और चुनाव का बहिष्कार कर देंगे।

आरंग के अधिकारियों के द्वारा जावा गांव के मतदाताओं से बैठक भी हो चुकी है, बैठक में भी मतदाताओं के और ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों से भी स्पष्ट कह दिया गया है कि जब तक जावा को पूर्ण पंचायत का दर्जा नहीं मिल जाता तब तक वहां के मतदाता आगे किसी भी चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। हालांकि अधिकारी अपने स्तर पर ग्रामीणों को समझने का प्रयास कर रहे हैं अब देखना होगा की ग्राम जावा के मतदाता चुनाव में भाग लेंगे या चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

## ओड़का-भिलाई मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे, आम नागरिक परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

इन दिनों आरंग से राजिम रोड पर ग्राम ओडका से भिलाई के बीच सड़कों पर हुए बड़े–बड़े गड्ढों से आम नागरिक खासे परेशान है। लोग इन बड़े–बड़े गड्ढों को मौत के गड्ढे के नाम से पुकारने लगे हैं। दरअसल इस रोड पर ग्राम चरौदा और तामासिवनी के बीच भारतमाला रोड का निर्माण हो रहा है जिसके चलते इसी मार्ग से प्रतिदिन हजारों हाइवा, ट्रेलरों का आवागमन हो रहा है। जिसके चलते मार्ग में जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे बनता जा रहा है। साथ ही काफी डस्ट भी बिखरता जा रहा है। एक माह पहले नागरिकों की मांग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इन गड्ढों का मरम्मत कराया गया था। किंतु गुणवत्ता में कमी व लगातार बड़ी–बड़ी वाहनों के चलने के कारण मरम्मत किए गड्ढे उधड़कर पुनः गढ्ढों में बदल गया है।

जिसमें कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोग इन गड्ढों से बचने के लिए रांग साइड गाडियां चलाने को मजबूर हैं। इन्हीं मार्गों से आम नागरिको सहित ग्राम ओड़का के छोटे–छोटे बच्चे भी स्कूल आते जाते हैं। जिन्हें सदैव सड़कों पर हुए बड़े–बड़े गड्ढों से हमेशा डर बना रहता है। वही नागरिकों का कहना है प्रशासन कोई बड़ी दुर्घटना का इंतजार में है। जब कोई अनहोनी हो जाएगी तभी इन गड्ढों की मरम्मत कराया जाएगा।

## महिला अपने तीन बच्चों के साथ लापता, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग में एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ लापता हो गई है। परिजनों ने आरंग पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आरंग के नया बिजली ऑफिस के पास खमतराई रोड में रहने वाले कैलाश लोधी की पत्नी शकुन लोधी ( 26 ) अपने तीन बच्चों के साथ लापता हो गई। 29 जनवरी दिन बुधवार को शकुन अपने दो बेटे प्रियांशु लोधी (8 ), हिमांशु (6 ) को स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकली थी। शकुन के साथ छोटी बेटी रत्ना (3) भी थी। लंबे समय तक जब शकुन अपनी बेटी के साथ घर नहीं लौटी तो परिजन स्कूल गए। स्कूल में पता चला कि दोनों बच्चे स्कूल नहीं आए है। परिजनों ने अपने स्तर पर शकुन और तीनों बच्चों की खोजबीन शुरू की लेकिन चारों का कही पता नहीं मिलने के बाद



परिजनों ने आरंग पुलिस थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई है। 07 दिन के बाद भी शकुन लोधी और उसके चारों बच्चों का पता नहीं चल पाया है। आरंग पुलिस और उसके परिजनों ने लोगो के मदद की अपील की है और पता चलने पर अपने नजदीकी थाना या आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह को मो.न. 9479191052 पर सूचित करने की अपील की है। आपको बता दे कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इससे पहले वर्ष 2019 में भी महिला अपने बच्चों के साथ घर में बिना बताए निकल गए थी जो रायपुर में मिली थी।



## बसंत पंचमी पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिलयारी।** सरस्वती शिशु मंदिर सिलयारी में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर शाला का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्रदेशिक सचिव श्री विवेक सक्सेना अपनें उद्बोधन पर कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर से ही बच्चों को आरंभ से ही शिक्षा के साथ साथ संस्कार का भी ज्ञान दिया जाता है।ताकि छात्र को शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीयता का भी बोध हो सके। यही सरस्वती शिशु मंदिर से शिक्षा ग्रहण होती है। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख श्री रामकुमार वर्मा ने विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम प्रारंभ में मुख्य अतिथियों तथा शाला अध्यक्ष केमन सिन्हा व्दारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर तिलक के साथ माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया नन्हे बालक कलाकरो की प्रस्तुति से दर्शक भाव विभोर हो जाते रहे। बार-बार तालियां से ध्वनि गुंज ने लगती थी। समारोह समापन पर प्राचार्य जे.पी. पाण्डे सभी आमंत्रितों का आभार व्यक्त किया।

## निरीक्षण के दौरान बीईओ ने सफलता के दिए कई टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बुधवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला नगपुरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनरसी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आगामी परीक्षा विषयक चर्चा करते हुए 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए तनाव रहित होकर योजना बद्ध ब्लूप्रिंट की सहायता से तैयारी करने पर जोर दिया एवं कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता किंतु ब्लूप्रिंट में अंकों के विभाजन को समझ लेने पर तैयारी करने में आसानी होती है साथी गत वर्ष के प्रश्न पत्रें को हल करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की बधाई भी दी। वही नगपुरा के बच्चों को विराम चिन्ह का महत्व बताकर शुद्ध लेखन एवं दैनिक जीवन में उपयोगी गणितीय संक्रियाओं पर फोकस किया। ज्ञात हो कि दसवीं की परीक्षा 3 मार्च से एवं 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ है जबकि प्राथमिक 5वी परीक्षा 17 मार्च से एवं पूर्व माध्यमिक 8वी परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ है। इस अवसर पर प्राचार्य राम प्रसाद धुर्वे एवं प्रधान पाठक मुकेश साहू सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## चुनावी हलचल

### गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क जारी



**रायपुर।** बुधवार को वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 मे भाजपा के कद्दावर पार्षद प्रत्याशी गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क यथावत जारी रहा। उन्होंने अपने वार्ड में घर-घर पहुंचकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि वे भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर इस योजनाओं से जनता को अवगत कर सके। जिससे कि मत दाताओं को उन योजनाओं और भविष्य में होने वाले विकाश कार्यों की भूमिका पता चल सके। इसी क्रम में आज गज्जू साहू का जनसंपर्क के दौरान वार्ड के सतनामी पारा और शिवानंद नगर के हर घर में दस्तक दिया। वहां के मतदाताओं से मिले और आगामी चुनाव में अपने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। गुढ़ियारी मंडल भाजपा मिडिया प्रभारी बालकिशन साहू ने इस पूरे प्रचार अभियान में गज्जू साहू के साथ उनके कई साथी कार्यकर्ता का विशेष सहयोग रहा, जिनमें प्रमुख रूप से मोहन उपारकर, के सत्या बाबू,भाऊ सिग सिग,हेमंत साहू, युगल किशोर वर्मा,गणेश राव गजानंद, रुपेश, राजेश, पप्पू यादव , दुर्वासा मटाले आदि उपस्थित थे।



### भगवती चरण वार्ड में सांसद बृजमोहन के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर।** भगवती चरण वार्ड 57 में बीजेपी प्रत्याशी अमर गिदवानी के पक्ष में सांसद बृजमोहन अग्रवाल के रोड शो में वार्ड की जनता ने फूल बरसाकर स्वागत किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। बीजेपी प्रत्याशी अमर गिदवानी ने कहा, भगवती चरण वार्ड की में दिन रात सेवा कर इस वार्ड में जो भी समस्या होगी, उसका दो घंटे में समाधान करूंगा रोड शो के साथ दो कार्यालय भी सतबनिया पारा में खोले गए रोड शो में प्रत्याशी अमर गिदवानी, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, राहुल चंदानी, राजेश थोरानी, पल्लवी पांडे, नारायण कुर्रे, महेंद्र उपाध्याय, डॉ एनडी गजवानी उपस्थित थे।

### ममता सोनू तिवारी को मिला वार्ड वासियों का समर्थन



**रायपुर।** नगर निगम के नगरी निकाय चुनावों में भाजपा द्वारा वार्ड क्रमांक 67 भक्त माता कर्मा वार्ड से महिला उम्मीदवार ममता सोनू तिवारी को भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। जिसकी घोषणा के बाद वार्ड में भाजपा समर्थक एवं वार्ड वासी खासे उत्साहित दिखे। खासकर महिलाओ के बीच अत्यधिक प्रसन्नता देखी गई। पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होते ही समस्त वार्डवासी उनके निवास स्थान पहुंच कर उनको बधाई देने लगे। इस अवसर पर उनके निवास स्थान मुस्कान रेसिडेन्सी में उल्लास का माहौल बना रहा, लोग फूल माला लेकर उनको बधाई देने पहुंचते रहे। पूरे दिन घर में लोग आते रहे। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठजनों के अलवा पार्टी समर्थक ही देखे गए। श्रीमती तिवारी ने पूर्व में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई थी और इस बात को सुनिश्चित किया कि वार्ड से भाजपा को निर्णायक बढ़त मिले। इसी प्रयास को देखते हुए पार्टी संगठन एवं वरिष्ठ नेताओं ने पार्षद चुनाव मे टिकिट देकर उनकी महती परिश्रम का फल उनको दिया है, जिसके लिए उन्होंने सभी वरिष्ठों का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि एक बार पुनः हमे एक होकर चुनाव में सघन मेहनत कर पूरे लगन से पार्टी को जीत दिलाकर पार्षद ही नहीं महापौर पद पर भी भाजपा को जितवा कर रायपुर को विकाश पथ पर ले कर आना है।

### संतोष साहू के लिए सांसद बृजमोहन ने किया रोड शो, मांगा समर्थन

रायपुर। मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू के समर्थन में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मदर टेरेसा वार्ड के प्रत्याशी संतोष साहू के समर्थन में रोड शो तेलीबांधा चौक से गुरुद्वारा गली, बड़ चौक, इंद्रा चौक होते हुए कपूर होटल तक लोगों से कमल फूल पर वोट डालने की अपील



किए। सांसद ब्रजमोहन अग्रवाल एवं संतोष साहू लोगों को पूर्ण विश्वास दिला रहे कि वह जनता की मूलभूत सुविधाओं के साथ उनके सुख-दुख में हमेशा खड़े रहेंगे और वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस जनसंपर्क के दौरान संतोष साहू ने भारतीय जनता पार्टी की आगामी योजनाओं से मतदाताओं को रूबरू करवाया। बुधवार को उनका प्रचार अभियान मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 के विभिन्न जगहों पर नजर आया, जिनमें प्रमुख क्षेत्र श्याम नगर, रेड्डी गली, सिक्ख गली, सुभाष नगर, जलविहार कालोनी प्रमुख रहे। जनसंपर्क के दौरान उनको उनकी धर्मपत्नी सीमा संतोष साहू, हरीश ठाकुर, राजू साहू, दीपक पोल्ले, सोनू सलूजा, पंकज प्रधान सुमीत, बबलू, अमृत चौहान, कुसुम साहू, सीता साहू, कामिनी साहू आदि कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# भाजपा-कांग्रेस के घोषणा पत्र में कई वादे रिपीट

## साय बोले- कॉपी पेस्ट, बैज ने कहा- जमीन आसमान का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अटल संकल्प पत्र और कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने जनता से सुझाव लेकर 20 तो वहीं कांग्रेस ने भी लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 34 बिंदुओं का घोषणा पत्र तैयार किया है। इनमें कई घोषणाएं ऐसी हैं, जो दोनों ही दलों में समान हैं। भाजपा ने 2019 में लाए घोषणा पत्र में से कई सारे बिंदुओं को शामिल किया है। वही कांग्रेस के घोषणा पत्र में भाजपा के 2019 और 2025 के घोषणा पत्र के कई वादे रिपीट किए गए हैं। कई वादे ऐसे भी हैं, जिन्हें 2019 के चुनाव में घोषणा की थी, जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं।





**कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुख्यमंत्री ने बताया 'अटल विश्वास पत्र' का कॉपी-पेस्ट :** कांग्रेस की घोषणा पत्र जारी होते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सीएम विष्णु देव साय ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बीजेपी के अटल संकल्प पत्र का कॉपी पेस्ट बताया है। सीएम साय ने कहा, कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास तोड़ चुकी है। कांग्रेस ने पिछले नगरीय निकाय चुनाव में किए गए अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। अब इनको कोई सफलता नहीं मिलने वाली है।

**बीजेपी-कांग्रेस के घोषणा पत्र में जमीन आसमान का अंतर : बैज**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बीजेपी और कांग्रेस के घोषणा पत्र में जमीन आसमान का फर्क है। हमारा घोषणा पत्र सीधा, स्पष्ट और सरल जनता के लिए है, लेकिन बीजेपी का घोषणा पत्र जनता को गोल-गोल घुमाने, जनता को ठगने और भटकाने के लिए है।

### कांग्रेस और भाजपा के घोषणा पत्र में ये है समानता

श्रद्धांजलि योजना के तहत दिए जाने वाले 4 हजार को बढ़ाकर 5 हजार किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का वादा। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण और विवाह प्रमाण पत्र का घर पहुंच सेवा। यूज़र चार्ज का युक्तियुक्त करण। बीजेपी ने प्रमुख निकायों में तो वहीं कांग्रेस ने हर निकाय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सर्वसिविधायुक्त निःशुल्क लाइब्रेरी की घोषणा की है। शहरी सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के लिए टॉयलेट्स। विवाह और शोक कार्यक्रमों में मुफ़्त पानी टैंकर। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि अधिग्रहण का अधिकार। विश्वविद्यालय और स्कूलों में मुफ़्त सेनेटरी नैपकिन्स। स्वसहायता समूहों की महिलाओं को रोज़गार देने का वादा। सार्वजनिक स्थानों में मुफ़्त वाई-फाई। नियमित भुगतान पर संपत्ति कर में छूट।

## लगातार हार की चिंता में भाषा का संयम भी खो चुके हैं भूपेश : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अशालीन बयानबाजी पर कड़ा ऐतराज जताया है। श्री शर्मा ने कहा कि लगातार हार और नगरीय निकाय चुनाव में भी पराजय की आशंका से कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के बारे में व्यक्त बघेल के विचार कतई स्वीकार नहीं किए जा सकते।



राजनीतिक विमर्श में ऐसी भाषा की कोई जगह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री नबीन का पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता से संपर्क है। प्रदेश के हर कोने तक पहुंच कर उन्होंने संगठन को मज़बूत किया और कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भूपेशजी लगातार हो रहे पराजय को पचा नहीं पा रहे हैं, इसलिए ऊल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को उनके किए की सजा जनता ने दी है। उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए और बजाय बौखलाहट में आपा खोने के, अपनी भूलों को स्वीकार करते हुए सुधार करना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि श्री बघेल न केवल जनता में अलोकप्रिय और अप्रासंगिक हो गये हैं बल्कि अब कांग्रेस के भीतर भी उन्हें कोई सहन करने के लिए तैयार नहीं है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष महंत ने उनके नेतृत्व को खुली चुनौती दी है।

## पीसीसी ने किराए पर लिया हेलीकाप्टर हर नगरीय क्षेत्र तक पहुंचेंगे बड़े नेता

**चुनाव प्रचार थमने के दिन तक प्रचार के लिए करेंगे उपयोग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस ने हेलीकाप्टर किराए पर लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह हेलीकाप्टर अपने बड़े नेताओं से चर्चा के बाद प्रचार थमने के दिन 9 फरवरी तक के लिए लिया है। कांग्रेस के बड़े नेता इस दौरान प्रचार के लिए इसका उपयोग करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में कम समय में पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, बस्तर से सरगुजा और मानपुर से रायगढ़ तक पहुंचना आवश्यक था। हमारे बड़े नेता हर नगरीय निकायों में पहुंच सकें इसका प्रयास है। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता अब हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरा करेंगे।

### महंत, टीएस, भूपेश और बैज भरेंगे उड़ान

इस प्रचार में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपने चुनावी दौरे के दौरान इस प्रचार का हिस्सा होंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज भी बस्तर क्षेत्र के लिए हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरा करेंगे। 4 फरवरी को बैज ने हेलीकाप्टर से सरायपाली और रायगढ़ में चुनावी प्रचार में हिस्सा लिया। यह कदम कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी प्रचार में गति लाने और अधिक से अधिक क्षेत्रीय जनसमूह तक पहुंचने के लिए उठाया गया है। हेलीकॉप्टर से प्रचार करने से नेताओं को चुनावी क्षेत्र में अधिक समय बर्बाद किए बिना विभिन्न स्थानों पर दौरा करने में मदद मिलेगी।

# नालियां जाम और पानी की किल्लत एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड में प्रमुख चुनावी मुद्दा

**वार्ड नंबर - 19**
**एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड**

कुल मतदाताओं की संख्या 18542
पुरुष मतदाता : 9,466
महिला मतदाता 9,075
तृतीय लिंग मतदाता 1




**भाजपा से प्रीतम सिंह, कांग्रेस से वारेन्द्र साहू और निर्दलीय संतोष साहू के बीच मुकाबला**

**पांचवी बार पार्षद का चुनाव, त्रिकोणीय मुकाबला**
**2 बार बीजेपी और 2 बार कांग्रेस का रहा कब्जा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर बने रायपुर नगर निगम का वार्ड नंबर 19 की तासीर रही कि यहां 2 बार भाजपा के हिस्से पार्षद पद की कुर्सी रही, 2 बार कांग्रेस ने कब्जा जमाया। निर्दलीय का अब तक खाता नहीं खुला। इस बार के चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला में 3 निर्दलीय पार्षद बनने चुनाव मैदान पर हैं। प्रीतम नगर में पानी किल्लत और उपरपारा के 250 घरों में 12 महीने में पानी की समस्या से लोग त्रस्त हैं, संकरी गली में पानी की पाइप लाइन नहीं बिछी। चुनाव में यह मुद्दा प्रमुख रहेगा। यही नहीं नालियों की सफाई में कोताही से जनता नाराज है। साल 2004 से अस्तित्व में आये एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड पहले रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 2 का हिस्सा हुआ करता था। उस समय रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर 2 के नाम से जाना जाता था। उस समय वार्ड में मतदाताओं की संख्या 18 हजार से ज्यादा हुआ करती। 2004 में हुए वार्ड पार्षद के चुनाव में कांग्रेस से श्रीकुमार मेनन चुनाव जीतकर पार्षद बने। इसके बाद कुंजलाल साहू कांग्रेस से पार्षद पद का चुनाव जीते। फिर बजरंग निषाद भाजपा से पार्षद का चुनाव जीतकर वार्ड पार्षद बने। 2014 के चुनाव में भाजपा से राधा-प्रीतम ठाकुर ने जीत का परचम लहराया। पिछले बार के चुनाव में मंजू वारेंद्र साहू ने भाजपा के सूची -सुनील दुबे को हराया।

### आमने-सामने

#### साल गायब रहे पार्षद


संतोष साहू
निर्दलीय प्रत्याशी

5 साल तक वार्ड पार्षद वार्ड से गायब रहे। रोड, नाली, सामुदायिक भवन और स्कूल का काम पहले ही हो चुका है। वार्ड में नालियों की सफाई नियमित नहीं होने से नालियां जाम है। दुर्गा चौक, सतनामी पारा के गलियों की हालत खस्ता है। छोटे अशोक नगर के श्मसान घाट के पास रोड और नाली नहीं बनी है। झगरहीन तालाब के पीछे वाले हिस्से की पानी टंकी फूट गई है। पार्षद से जनता ने कई बार इसकी शिकायत की पर ध्यान नही दिये।

#### रोड पर बहता नाले का पानी


प्रीतम सिंह
भाजपा प्रत्याशी

5 साल में निवृतमान पार्षद ने कोई बड़ा काम नहीं किया। झगरहीन तालाब का सौंदर्यीकरण स्मार्ट सिटी से हुआ उसमें भी लाइट नहीं जल रही। कोटा रोड से सीतानगर के बीच नाला का पानी ओवर फ्लो होकर बारिश के दिनों में सड़क पर बहता है। इसे बंद कर अंडरग्राउंड कराने की जरूरत है। बड़ी नाली को बंद कराना होगा तभी इस समस्या का हल होगा। प्रीतम नगर में पेयजल की समस्या से लोग परेशान हैं। उपरपारा के सैकड़ों घरों में बारह महीना पानी की समस्या है वहां पाइप लाइन अब तक नहीं बिछाई गई।

#### आरोप निराधार


वारेन्द्र साहू,
कांग्रेस प्रत्याशी

आरोप निराधार है, निरंतर लोगों के संपर्क में रहकर काम किया गया। वार्ड की सभी गलियों और सड़कों में जरूरी काम काम कराये गये। भाजपा के पार्षद अपने 5 साल के कार्यकाल में ये काम क्यूं नहीं करा पाये। झगरहीन तालाब में पर्याप्त पानी रहता है।

# कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला

**वार्ड नंबर - 54**
**कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड**

वार्ड में मतदाताओं की कुल संख्या : 13030
पुरुष मतदाता : 6776
महिला मतदाता : 6248

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड को पंचायत राज से नगर निगम में शामिल हुए 10 वर्ष ही हुए हैं। इस वार्ड में पहली बार भाजपा और दूसरी बार निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनाव जीता था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद निर्दलीय पार्षद ने कांग्रेस में प्रवेश कर लिया था।

इस बार भी वार्ड ओबीसी महिला वर्ग के लिए आरक्षित है, इसलिए इस वार्ड से महिलाएं ही चुनाव मैदान पर हैं। निगम में शामिल हुए वार्ड को जरूर 10 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी इस क्षेत्र के कई मोहल्ले नाले-नाली, सड़क, बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसके अलावा वार्ड में अपराधिक घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण वार्ड के लोगों में असामाजिक तत्वों का भय भी बना हुआ है। वार्ड से भाजपा और कांग्रेस के अलावा सिर्फ एक निर्दलीय प्रत्याशी ही मैदान पर है। ये तीनों प्रत्याशी अब मूलभूत सुविधाओं के साथ वार्ड में लोगों की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं।

### आमने-सामने

#### 5 वर्ष में वार्ड में सिर्फ गुंडागर्दी बढ़ी


सुषमा तिलक साहू
भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी सुषमा साहू इस वार्ड से पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। इस तरह पार्टी ने वार्ड से नये चेहरे को मौका दिया है। सुषमा साहू ने कहा कि पिछले 5 वर्ष में इस वार्ड में सिर्फ गुंडागर्दी बढ़ी है। इसके अलावा ना ही विकास कार्य हुए हैं और न ही जनता को मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। सड़क, सफाई, नाले-नाली, पानी वार्ड की गंभीर समस्या बनी हुई है। गुंडागर्दी के कारण लोगों को रात में घर से निकलने में भय लगने लगा है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं जनता को देने के साथ जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाना मेरी प्राथमिकता में है।

#### कम समय में बहुत विकास हुआ


उमा चंद्रहास निर्मलकर
कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस प्रत्याशी उमा निर्मलकर इस वार्ड की निवृतमान पार्षद हैं । उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में यहां से चुनाव जीता था। चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गई थीं, इसलिए इस बार उन्हें कांग्रेस से ही टिकट मिला है। उनका कहना है कि अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने वार्ड में कई विकास कार्य किए हैं, यह वार्ड 10 वर्ष पहले ही ग्राम पंचायत से निगम में आया है, कम समय में बहुत विकास कार्य हुए और जो कार्य अधूरे हैं, उन्हें दूसरी पारी में पूर्ण कर लूंगी। उन्होंने कहा कि वार्ड में असामाजिक तत्वों के कारण क्राइम बढ़ा है, जिस पर लगाम लगाने सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे पार्षद निधि से लगाने की पहल की जाएगी।

#### नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं


मंजूलता छोटेलाल साहू
निर्दलीय प्रत्याशी

इस वार्ड से एक मात्र निर्दलीय प्रत्याशी मंजूलता साहू चुनाव लड़ रही हैं। वह भी पहली बार पार्षद चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड में पहले भाजपा ने और दूसरी बार निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनाव जीतकर कांग्रेस में प्रवेश कर लिया। दोनों पार्षद के कार्यकाल में वार्ड के में विकास कार्य तो दूर, बल्कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल पा रही हैं। वार्ड में असामाजिक तत्वों के कारण अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं, जिसे रोकने के लिए वार्ड में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर वह जनता के बीच जा रही है।

# पानी बड़ा मुद्दा, विकास और समस्या की दुहाई के साथ जंग

## भाजपा से ममता सोनू तिवारी, कांग्रेस से पूर्णिमा- उत्तम साहू के बीच सीधा मुकाबला

**वार्ड नंबर - 67**
**भक्त कर्मा माता वार्ड**

**कुल मतदाता**
**15,135**
पुरुष मतदाता 7,567
महिला मतदाता 7,567
तृतीय लिंग मतदाता 1

**शामिल एरिया**
वालफोर्ट सिटी, ब्रम्हदेव कालोनी, यूनि होम्स, इंटेकवेल, करन नगर, महादेवनगर, चंगोराभाठा, पीएस सिटी क्षेत्र

#### 5 साल में वार्ड विकास कार्य ठप रहा


ममता सोनू तिवारी
भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी ममता तिवारी का कहना है, पिछले 5 साल में वार्ड विकास कार्य ठप रहा। निवृत्तमान पार्षद वार्ड के इकलौते तालाब की देखरेख नहीं करा पाये। जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था करने में नाकाम रहे। करन नगर, साकेत विहार, रामनगर क्षेत्र, चौहान किराना गली, काली मूर्ति के आसपास का क्षेत्र, श्रीरामनगर और पीएस सिटी इलाके में गर्मी के समय पानी की भारी किल्लत होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। टैंकर भरोसे लोगों की प्यास बुझाने की नौबत आई। वार्ड के मंदिरों की देखरेख की जरूरत है। सामाजिक सेवा से जुड़ी ममता तिवारी का कहना है,वे पहली बार पार्षद का चुनाव लड़ रही है। उनकी मंशा पेयजल संकट प्रभावित क्षेत्रों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था करना, वार्ड में गौ चिकित्सालय खुलवाना है। जिसमें बीमार पशुओं के उपचार के लिए पशु चिकित्सक की व्यवस्था रहेगी। शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण उनकी प्राथमिकता रहेगी।

#### आरोप सही नहीं है, कई विकास कार्य हुए


पूर्णिमा-उत्तम साहू
कांग्रेस प्रत्याशी

5 साल तक वार्ड में विकास कार्य ठप रहा यह आरोप सही नहीं है, क्योंकि 5 साल में से 2 साल कोरोनाकाल में बीता। बचे 3 साल में 7 करोड़ के डामरीकरण का कार्य कराया गया। 12 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन अमृत मिशन के तहत वार्ड में बिछवाई गई। ये बात सही है कि करन नगर, साकेत विहार सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल संकट की समस्या रहती है। क्योंकि यह ड्राइ क्षेत्र है, गर्मी के समय पानी टैंकर से लोगों की प्यास बुझाने का काम किया गया। पिछले 5 साल में हुये विकास कार्य को लेकर चुनाव में जनता के बीच जाउंगी।

राजधानी के भक्त कर्मा माता वार्ड नंबर 67 के पार्षद चुनाव में इस बार पानी की किल्लत और शीतला तालाब की दुर्दशा का मुद्दा प्रमुखता से उठेगा। करन नगर, रामनगर, साकेत विहार, श्रीरामनगर और पीएस सिटी क्षेत्र में गर्मी के समय पानी संकट का समाधान नहीं होने का असर भी चुनाव पर असर डाल सकता है। नगर निगम में अस्तित्व में आने के बाद भक्त कर्मा माता वार्ड में दूसरी बार पार्षद का चुनाव 11 फरवरी को होने जा रहा है, जिसमें भाजपा से ममता-सोनू तिवारी का सीधा मुकाबला कांग्रेस की पूर्णिमा उत्तम साहू से है। पिछली बार के निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उत्तम साहू भाजपा के मोहन वर्मा को 700 मतों से मात देकर पार्षद चुने गये थे। सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित भक्त कर्मा माता वार्ड के इकलौते शीतला तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण नहीं होने से लोगों के सामने निस्तारी का संकट उठ खड़ा हुआ है। तालाब को संरक्षित की मांग रहवासी लगातार करते आ रहे हैं। इस बार के चुनाव में यह मुद्दा लोगों की जुबान पर है। 65 घर एरिया शिवमंदिर के पास निकास नाली नहीं बनने से गंदे पानी के निकासी की दिक्कत है।

## चुनावी हलचल

### गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क जारी




**रायपुर।** बुधवार को वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 मे भाजपा के कद्दावर पार्षद प्रत्याशी गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क यथावत जारी रहा। उन्होंने अपने वार्ड में घर-घर पहुंचकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि वे भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर इस योजनाओं से जनता को अवगत कर सके। जिससे कि मत दाताओं को उन योजनाओं और भविष्य में होने वाले विकाश कार्यों की भूमिका पता चल सके। इसी क्रम में आज गज्जू साहू का जनसंपर्क के दौरान वार्ड के सतनामी पारा और शिवानंद नगर के हर घर में दस्तक दिया। वहां के मतदाताओं से मिले और आगामी चुनाव में अपने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। गुढ़ियारी मंडल भाजपा मिडिया प्रभारी बालकिशन साहू ने इस पूरे प्रचार अभियान में गज्जू साहू के साथ उनके कई साथी कार्यकर्ता का विशेष सहयोग रहा, जिनमें प्रमुख रूप से मोहन उपारकर, के सत्या बाबू,भाऊ सिग सिग,हेमंत साहू, युगल किशोर वर्मा,गणेश राव गजानंद, रुपेश, राजेश, पप्पू यादव , दुर्वासा मटाले आदि उपस्थित थे।



### भगवती चरण वार्ड में सांसद बृजमोहन के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर।** भगवती चरण वार्ड 57 में बीजेपी प्रत्याशी अमर गिदवानी के पक्ष में सांसद बृजमोहन अग्रवाल के रोड शो में वार्ड की जनता ने फूल बरसाकर स्वागत किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। बीजेपी प्रत्याशी अमर गिदवानी ने कहा, भगवती चरण वार्ड की में दिन रात सेवा कर इस वार्ड में जो भी समस्या होगी, उसका दो घंटे में समाधान करूंगा रोड शो के साथ दो कार्यालय भी सतबनिया पारा में खोले गए रोड शो में प्रत्याशी अमर गिदवानी, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, राहुल चंदानी, राजेश थोरानी, पल्लवी पांडे, नारायण कुर्रे, महेंद्र उपाध्याय, डॉ एनडी गजवानी उपस्थित थे।

### ममता सोनू तिवारी को मिला वार्ड वासियों का समर्थन




**रायपुर।** नगर निगम के नगरी निकाय चुनावों में भाजपा द्वारा वार्ड क्रमांक 67 भक्त माता कर्मा वार्ड से महिला उम्मीदवार ममता सोनू तिवारी को भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है। जिसकी घोषणा के बाद वार्ड में भाजपा समर्थक एवं वार्ड वासी खासे उत्साहित दिखे। खासकर महिलाओ के बीच अत्यधिक प्रसन्नता देखी गई। पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होते ही समस्त वार्डवासी उनके निवास स्थान पहुंच कर उनको बधाई देने लगे। इस अवसर पर उनके निवास स्थान मुस्कान रेसिडेन्सी में उल्लास का माहौल बना रहा, लोग फूल माला लेकर उनको बधाई देने पहुंचते रहे। पूरे दिन घर में लोग आते रहे। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठजनों के अलवा पार्टी समर्थक ही देखे गए। श्रीमती तिवारी ने पूर्व में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई थी और इस बात को सुनिश्चित किया कि वार्ड से भाजपा को निर्णायक बढ़त मिले। इसी प्रयास को देखते हुए पार्टी संगठन एवं वरिष्ठ नेताओं ने पार्षद चुनाव मे टिकिट देकर उनकी महती परिश्रम का फल उनको दिया है, जिसके लिए उन्होंने सभी वरिष्ठों का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि एक बार पुनः हमे एक होकर चुनाव में सघन मेहनत कर पूरे लगन से पार्टी को जीत दिलाकर पार्षद ही नहीं महापौर पद पर भी भाजपा को जितवा कर रायपुर को विकाश पथ पर ले कर आना है।

### संतोष साहू के लिए सांसद बृजमोहन ने किया रोड शो, मांगा समर्थन

**रायपुर।** मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू के समर्थन में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मदर टेरेसा वार्ड के प्रत्याशी संतोष साहू के समर्थन में रोड शो तेलीबांधा चौक से गुरुद्वारा गली, बड़ चौक, इंद्रा चौक होते हुए कपूर होटल तक लोगों से कमल फूल पर वोट डालने की अपील किए। सांसद ब्रजमोहन अग्रवाल एवं संतोष साहू लोगों को पूर्ण विश्वास दिला रहे कि वह जनता की मूलभूत सुविधाओं के साथ उनके सुख-दुख में हमेशा खड़े रहेंगे और वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस जनसंपर्क के दौरान संतोष साहू ने भारतीय जनता पार्टी की आगामी योजनाओं से मतदाताओं को रूबरू करवाया। बुधवार को उनका प्रचार अभियान मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47 के विभिन्न जगहों पर नजर आया, जिनमें प्रमुख क्षेत्र श्याम नगर, रेड्डी गली, सिक्ख गली, सुभाष नगर, जलविहार कालोनी प्रमुख रहे। जनसंपर्क के दौरान उनको उनकी धर्मपत्नी सीमा संतोष साहू, हरीश ठाकुर, राजू साहू, दीपक पोल्ले, सोनू सलूजा, पंकज प्रधान सुमीत, बबलू, अमृत चौहान, कुसुम साहू, सीता साहू, कामिनी साहू आदि कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।



### भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू का प्रचार अभियान तेज



**रायपुर।** वार्ड क्रमांक 31 नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ सेल टैक्स कॉलोनी से डोर टू डोर वोट मांगते हुए भाजपा के वार्ड कार्यालय तक सभी बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। पुष्पा रोहित साहू का कहना है कि, चुनाव के दौरान वार्ड के हर एक घर के प्रत्येक सदस्य तक पहुंचना ही उनकी प्राथमिकता है और चुनाव जीतने के बाद वार्ड स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में और तेजी से कार्य करने को दृढ़ संकल्पित हैं, लोगों का जो सहयोग और आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है वह चुनाव परिणाम के दिन जीत के रूप में सामने आने वाला है वार्ड की जनता ईमानदार और मिलनसार प्रत्याशी के पक्ष में अपना मत प्रकट करने को तैयार है जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं का बड़ा हूंजूम पूरे उत्साह से अपना दायित्व संभाले हुए हैं जिसमें मुख्य रूप से देवराज पारधी, लेख राम साहू, योगेश साहू, राजेश्वरी बिसेन, आयुष्मान दीक्षित, सरोज पाल, विजय वर्मा, आशीष वंशपाल आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा-कांग्रेस के घोषणा पत्र में कई वादे रिपीट

## साय बोले- कॉपी पेस्ट, बैज ने कहा- जमीन आसमान का अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अटल संकल्प पत्र और कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने जनता से सुझाव लेकर 20 तो वहीं कांग्रेस ने भी लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 34 बिंदुओं का घोषणा पत्र तैयार किया है। इनमें कई घोषणाएं ऐसी हैं, जो दोनों ही दलों में समान हैं। भाजपा ने 2019 में लाए घोषणा पत्र में से कई सारे बिंदुओं को शामिल किया है। वही कांग्रेस के घोषणा पत्र में भाजपा के 2019 और 2025 के घोषणा पत्र के कई वादे रिपीट किए गए हैं। कई वादे ऐसे भी हैं, जिन्हें 2019 के चुनाव में घोषणा की थी, जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं।





**कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुख्यमंत्री ने बताया 'अटल विश्वास पत्र' का कॉपी-पेस्ट :** कांग्रेस की घोषणा पत्र जारी होते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सीएम विष्णु देव साय ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बीजेपी के अटल संकल्प पत्र का कॉपी पेस्ट बताया है। सीएम साय ने कहा, कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास तोड़ चुकी है। कांग्रेस ने पिछले नगरीय निकाय चुनाव में किए गए अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। अब इनको कोई सफलता नहीं मिलने वाली है।

**बीजेपी-कांग्रेस के घोषणा पत्र में जमीन आसमान का अंतर : बैज**


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बीजेपी और कांग्रेस के घोषणा पत्र में जमीन आसमान का फर्क है। हमारा घोषणा पत्र सीधा, स्पष्ट और सरल जनता के लिए है, लेकिन बीजेपी का घोषणा पत्र जनता को गोल-गोल घुमाने, जनता को ठगने और भटकाने के लिए है।

### कांग्रेस और भाजपा के घोषणा पत्र में ये है समानता

श्रद्धांजलि योजना के तहत दिए जाने वाले 4 हजार को बढ़ाकर 5 हजार किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का वादा। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण और विवाह प्रमाण पत्र का घर पहुंच सेवा। यूज़र चार्ज का युक्तियुक्त करण। बीजेपी ने प्रमुख निकायों में तो वहीं कांग्रेस ने हर निकाय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सर्वसिविधायुक्त निःशुल्क लाइब्रेरी की घोषणा की है। शहरी सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के लिए टॉयलेट्स। विवाह और शोक कार्यक्रमों में मुफ़्त पानी टैंकर। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि अधिग्रहण का अधिकार। विश्वविद्यालय और स्कूलों में मुफ़्त सेनेटरी नैपकिन्स। स्वसहायता समूहों की महिलाओं को रोज़गार देने का वादा। सार्वजनिक स्थानों में मुफ़्त वाई-फाई। नियमित भुगतान पर संपत्ति कर में छूट।

# लगातार हार की चिंता में भाषा का संयम भी खो चुके हैं भूपेश : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अशालीन बयानबाजी पर कड़ा ऐतराज जताया है। श्री शर्मा ने कहा कि लगातार हार और नगरीय निकाय चुनाव में भी पराजय की आशंका से कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के बारे में व्यक्त बघेल के विचार कतई स्वीकार नहीं किए जा सकते।

राजनीतिक विमर्श में ऐसी भाषा की कोई जगह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री नबीन का पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता से संपर्क है। प्रदेश के हर कोने तक पहुंच कर उन्होंने संगठन को मज़बूत किया और कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भूपेशजी लगातार हो रहे पराजय को पचा नहीं पा रहे हैं, इसलिए ऊल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को उनके किए की सजा जनता ने दी है। उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए और बजाय बौखलाहट में आपा खोने के, अपनी भूलों को स्वीकार करते हुए सुधार करना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि श्री बघेल न केवल जनता में अलोकप्रिय और अप्रासंगिक हो गये हैं बल्कि अब कांग्रेस के भीतर भी उन्हें कोई सहन करने के लिए तैयार नहीं है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष महंत ने उनके नेतृत्व को खुली चुनौती दी है। अब अपनी राजनीतिक जमीन बुरी तरह खो चुके बघेल को अब राजनीति छोड़ देनी चाहिए। उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि अपार बहुमत से सत्ता में आने के बावजूद अपनी करनी, अपने भ्रष्टाचार, वादाखिलाफ़ी और अक्षमता के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता का विश्वास खो दिया, उनकी बेजा बयानबाजी ने भी कांग्रेस की लुटिया डुबो दी। ऐसे बयानों से कांग्रेस का रहा-सहा आधार भी समाप्त हो जायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने प्रभारी के बारे में अनर्गल और बेजा बयानबाज़ी सहन नहीं करेंगे।

# पीसीसी ने किराए पर लिया हेलीकाप्टर हर नगरीय क्षेत्र तक पहुंचेंगे बड़े नेता

**चुनाव प्रचार थमने के दिन तक प्रचार के लिए करेंगे उपयोग**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस ने हेलीकाप्टर किराए पर लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह हेलीकाप्टर अपने बड़े नेताओं से चर्चा के बाद प्रचार थमने के दिन 9 फरवरी तक के लिए लिया है। कांग्रेस के बड़े नेता इस दौरान प्रचार के लिए इसका उपयोग करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में कम समय में पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, बस्तर से सरगुजा और मानपुर से रायगढ़ तक पहुंचना आवश्यक था। हमारे बड़े नेता हर नगरीय निकायों में पहुंच सकें इसका प्रयास है। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता अब हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरा करेंगे, ताकि वे बड़े पैमाने पर प्रचार कर सकें और कार्यकर्ताओं के बीच ऊर्जा का संचार कर सकें। चापर के आने से पार्टी नेताओं को विभिन्न स्थानों पर एक साथ अधिक समय में पहुंचने का अवसर मिलेगा और वे जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क स्थापित कर सकेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरे पर जाएंगे और विभिन्न जिलों में जनसभाएं करेंगे।

### महंत, टीएस, भूपेश और बैज भरेंगे उड़ान

इस प्रचार में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपने चुनावी दौरे के दौरान इस प्रचार का हिस्सा होंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज भी बस्तर क्षेत्र के लिए हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरा करेंगे। 4 फरवरी को बैज ने हेलीकाप्टर से सरायपाली और रायगढ़ में चुनावी प्रचार में हिस्सा लिया। यह कदम कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी प्रचार में गति लाने और अधिक से अधिक क्षेत्रीय जनसमूह तक पहुंचने के लिए उठाया गया है। हेलीकॉप्टर से प्रचार करने से नेताओं को चुनावी क्षेत्र में अधिक समय बर्बाद किए बिना विभिन्न स्थानों पर दौरा करने में मदद मिलेगी। यह प्रचार अभियान खासतौर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह को बढ़ाने और चुनाव में मजबूत स्थिति बनाने के लिए किया जा रहा है।



## कटोरातालाब, जोगी बंगला व अन्य क्षेत्रों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव

रायपुर। राजधानीवासियों को मच्छरों की समस्या से निजात दिलाने निगम से अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम-घूमकर फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव करते दिखे। पीठ में पेटी लादकर स्प्रे से दवा छिड़काव कर रहे कर्मचारियों ने सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कटोरा तालाब एरिया, जोगी बंगला क्षेत्र व अन्य रिहाइशी बस्तियों में अभियान चलाया। दरअसल, शहर में मच्छर उन्मूलन के तहत नगर निगम ने पहली बार 70 वार्डों के लिए एकीकृत अभियान चलाने पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग की एजेंसी को इस कार्य के लिए 3 माह का ठेका दिया है।

## निधन

### आशा देवी पंजवानी

रायपुर। कविता नगर अवंती विहार निवासी आशा देवी पंजवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे भोजराज पंजवानी की पत्नी और दीपक, महेश, प्रियेश पंजवानी की माता थीं।

### निर्मला बेन दावड़ा

रायपुर। दावड़ा मेंशन, पार्क रेजीडेंसी तेलीबांधा निवासी निर्मला बेन दावड़ा (95) का 4 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रकाश, नरेंद्र, सुकांत, राजेश दावड़ा की माता और चिन्मय, विशाल, राहुल की दादी थीं।

### आनंद पांडे

रायपुर। पंडरी निवासी आनंद पांडे (कांच घर) का 5 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 फरवरी को सुबह 10:30 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुरेंद्र, राजू, चंदू पांडे के भाई थे।

### ज्योति ताई संगेवार

रायपुर। कैलाशपुरी निवासी ज्योति ताई अरुण संगेवार का 5 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 फरवरी को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अमित संगेवार की माता और प्रज्वल संगेवार की बहन थीं।

# चुनाव के लिए मांग ली बसें, अब 80% निजी स्कूलों ने बदली अपनी समय-सारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 80 प्रतिशत स्कूलों ने लोकल कक्षाओं की समय-सारिणी बदल दी है। अधिकतर स्कूलों ने अपने स्कूलों की परीक्षाएं आगे खिसका दी हैं। ऐसा परिवहन साधन नहीं होने के कारण किया गया है। प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए निजी विद्यालयों की बसें अधिग्रहित कर दी गई हैं। स्कूलों की अधिकतर बसें चुनाव कार्य में इस्तेमाल होंगी। बसों के अलावा कई स्थानों में विद्यालय भवन का इस्तेमाल भी चुनाव कार्य के लिए किया जा रहा है। यही वजह है कि निजी विद्यालयों ने अपनी समय-सारिणी ही बदल दी है।

- **लोकल कक्षाओं की समय-सारिणी निजी विद्यालयों ने जनवरी में ही कर दी थी जारी**

नगरीय निकाय यानी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के लिए मतदान 11 फरवरी को होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव यानी पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान तीन चरण में 17, 20 और 23 फरवरी को होगा। इन तिथियों में, इनके एक दिन पहले और बाद की तिथियों के लिए वाहन अधिग्रहित कर लिए गए हैं।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए अधिग्रहित की गई निजी विद्यालयों की बसें

### बोर्ड परीक्षाओं के बाद होंगी परीक्षाएं

निजी स्कूलों द्वारा सीजी बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के पूर्व अथवा बाद में लोकल कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। सामान्यतः स्थानीय कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व ही आयोजित कर ली जाती हैं, ताकि मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय रहे और निर्धारित वक्त में परिणाम घोषित किए जा सकें। चूंकि बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व चुनाव हैं, इसलिए अब लोकल कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाओं के बाद होंगी। कई स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के मध्य अंतराल में आयोजन करा रहे हैं। परीक्षाओं की समय-सारिणी बदलने वाले स्कूलों में अधिकतर सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालय हैं।



### हमारी समस्याएं भी समझें

हम शासन का सहयोग करने से इनकार नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमारी भी समस्याएं उन्हें समझनी चाहिए। जिन तारीखों में बस अधिग्रहण किया गया है, उनमें से अधिकतर तिथियों में परीक्षाएं थीं।

*- राजीव गुप्ता, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ*

# सबसे ज्यादा शिकायतें नाला-नाली सफाई की — निदान 1100 में 1 माह में 6,700 से ज्यादा कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता की समस्या का त्वरित निदान करने नगरीय प्रशासन द्वारा खोले गये निदान 1100 में शिकायतों की भरमार है। पिछले 1 माह में सबसे ज्यादा नाला और नाली सफाई को लेकर दर्ज कराई गई। शहरभर से 6,700 कॉल नाला और नाली में गंदे पानी के निकास को लेकर दर्ज कराई गई, जबकि दूसरे नंबर पर शिकायत मलबा नहीं उठाने को लेकर लोगों ने की। यही नहीं, जल आपूर्ति की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी का कारण रही। 500 से ज्यादा लोगों ने जल विभाग के पानी की किल्लत दूर करने मदद मांगी। कुल मिलाकर चुनावी माह में भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही।

- **शहरभर से 3,300 लोगों ने नाली जाम और नाला सफाई की समस्या बताई**

रायपुर शहर के रहवासियों की निगम से जुड़ी समस्या के त्वरित निवारण करने निगम मुख्यालय में ऑनलाइन शिकायत प्रणाली निदान 1100 की व्यवस्था नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने किया है। इस सेंटर में शहर के किसी भी इलाके से लोग घर बैठे अपनी समस्या फोन पर 24 घंटे ऑनलाइन बता सकते हैं। जन शिकायत निवारण प्रणाली के तहत लोगों से प्राप्त शिकायतों को संबंधित सेंटर से सीधे उस जोन के विभागीय अधिकारी के पास भेजने की व्यवस्था है। इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। 1 जनवरी से 31 जनवरी तक निदान 1100 में अलग-अलग जगहों से 6,785 लोगों ने कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। इसमें से 5 हजार से ज्यादा शिकायतों का समय रहते निराकरण किया गया। 1100 से ज्यादा समस्या के समाधान में समय लगा, 120 शिकायतें लंबित है।







### विभागवार प्राप्त शिकायतों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| नाला और नाली सफाई | 3,294 |
| सालिड वेस्ट मैनेजमेंट | 1,100 |
| जल आपूर्ति संबंधी | 577 |
| मृत पशु उठाने संबंधी शिकायत | 307 |
| डोर टू डोर कचरा कलेक्शन संबंधी | 333 |
| फागिंग से संबंधित | 302 |
| गाय व कुत्ता पकड़ने को लेकर | 265 |
| स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायत | 100 |
| अन्य तरह की शिकायत | 206 |
| बिल्डिंग परमीशन से संबंधित | 57 |
| सी एंड डी वेस्ट | 49 |
| सीवर लाइन को लेकर शिकायत | 48 |

इसके अलावा प्राइवेट सेप्टिक टैंक सफाई, नए नल कनेक्शन, लोक निर्माण विभाग से जुड़ी शिकायत और शौचालय मेरा अधिकार से संबंधित शिकायत लोगों ने की है।

# रिंग रोड से घड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण, सुंदरता बढ़ाने कलाकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रिंग रोड से घड़ी चौक तक के रास्ते में आम जनता की सुविधा के लिए सुगम आवागमन के लिए सड़क के दोनों ओर डामरीकरण कराया जा रहा है। डिवाइडर में नई ग्रिल लगाकर रंगरोगन कराने के साथ ही मार्डन आर्ट में आकर्षक कलाकृति बनवाई जा रही है। इसमें शेर, कछुआ, मोर से लेकर हाथ की आकृति वाले पंजे में बेटी बचाओ का संदेश आकर्षण का केन्द्र रहेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस कार्य के लिए रायपुर कंस्ट्रक्शन को 3.50 करोड़ में ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी को मार्च तक कार्य पूरा करना होगा।

- **0 2.5 किमी एरिया में डिवाइडर पर ग्रिल लगाने का काम**
- **सड़क के दोनों ओर बिजली खंबे के साथ नई लाइटें**

महिला थाना के पास बाल गोपाल हास्पिटल से होलीक्रास स्कूल होते हुए जेसीआई चौक से मेमन हास्पिटल से नानेश तिराहा होकर सीधे रिंग रोड को मिलाने वाली सड़क की अब दशा सुधरेगी।

इससे आने वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव कम होने के साथ ही सुगम आवागमन के लिए लोगों को आसानी होगी। कुल मिलाकर 2.5 किलोमीटर एरिया के दायरे वाली सड़क को चकाचक कर नई स्ट्रीट लाइट भी लगाई जायेगी। वहीं पुराने व खराब पड़े पोल को बदला जायेगा। चौक को सुंदर बनाने के साथ ही निकास नाली बनाने का काम इसमें शामिल है।

## पेज 11 के शेष ...

### कान पकड़कर की उठक-बैठक...

कभी अपराध या गलत काम नहीं करेंगे और एक अच्छे इंसान की तरह रहेंगे। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने, सुरक्षा व शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए राजधानी में पुलिस द्वारा उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुराने आदतन अपराधी प्रवृत्ति एवं गुंडे-बदमाशों को थाने में बुलाया जा रहा है। थाने में बुलाने के बाद आरोपियों को कड़ाई से समझाइश दी जा रही है, ताकि दोबारा अपराध करने से पहले उनमें पुलिस का खौफ बना रहे। आचार संहिता के दौरान शहर में अब तक 3 सौ गुंडे-बदमाशों को थाने बुलाकर उन्हें समझाइश देकर छोड़ा गया है।

### दवाइयां जब्त की, रखने जगह...

करते हुए भारी मात्रा में सेनेटाइजर बरामद किया गया था। इसी तरह कुछ साल पहले राजधानी आयुर्वेद दवाओं के नाम पर एलोपैथी की मिलावट वाली लाखों की वाताहरी वटी बरामद की गई थी। जब्त दवाइयां भवन में सीढ़ियों के नीचे डंप की गई हैं। पुराने होने की वजह से दवाओं के डिब्बे फटने लगे हैं और दवाओं के प्लास्टिक के छोटे डिब्बे इधर-उधर फैल रहे हैं। जब्ती सामान के इस ढेर में बड़ी मात्रा में वाताहरी वटी भी मौजूद है। इसी तरह विभागीय टीम द्वारा जब्त कुछ अन्य सामान भी अन्य फ्लोर पर रखे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षा के नाम पर केवल पॉलिथिन से ढका गया है। इसी तरह करीब चार साल से ड्रमों में बंद सेनेटाइजर भी खराब होने के कगार पर आ चुके हैं। साथ ही इस बात की आशंका भी बनी हुई है, मौसम की मार झेलते हुए उसमें मिलाए जाने वाले केमिकल उड़ भी गया होगा।

### म्यूल अकाउंट मामले...

44/25 की धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस में निर्देशों का पालन कर कार्रवाई भी कर रही है। **इन लोगों को किया गया गिरफ्तार :** अजय सोनी उर्फ अज्जू 27 वर्ष निवासी पटेल चौक टिकरापारा, राहुल वर्मा 19 वर्ष निवासी जनता क्वार्टर एकता नगर गुढ़ियारी, पारुल वर्मा 25 वर्ष निवासी दुर्गा चौक के पास रावांभाठा खमतराई, नीलकंठ साहू 33 वर्ष निवासी शंकराचार्य स्कूल गली बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी, शुभम शर्मा 25 वर्ष निवासी गायत्री नगर खम्हारडीह, वीरेंद्र पटेल 28 वर्ष न्यू साहू पारा खमतराई, हरमित सिंह मक्कड़ उर्फ यशमित 24 वर्ष निवासी सुभाष चौक बिरगांव, राजेश निषाद 30 वर्ष निवासी भारत माता चौक गुढ़ियारी, रिजवान खान उर्फ रेहान 25 वर्ष निवासी बृजनगर टिकरापारा, साकेत सिंग ठाकुर 23 वर्ष निवासी अवंति विहार सेक्टर02 तेलीबांधा, विजय टेकचंदानी 35 वर्ष निवासी सरजू बगीचा कोतवाली बिलासपुर, संदीप साहू 21 वर्ष निवासी ग्राम तर्री नयापारा एवं अमित देवांगन 20 वर्ष निवासी ग्राम तर्री नयापारा शामिल हैं।

### सेंट्रल जीएसटी का ...

में मामला रफा दफा करने का सौदा तय हुआ था। 31 जनवरी को वीआईपी रोड में जीएसटी अधीक्षक के ड्रायवर को सीबीआई ने रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया था। माना जा रहा है कि रिश्वतखोरी के इस मामले में अभी अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

**समक्ष- पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)**

**// शपथ-पत्र //**

मैं शपथकर्ती, पुष्पलता वर्मा पिता/ पति दीपक कुमार कौशिक निवासी- नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर छ.ग. की हूं जो कि मैं निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं ।
2. यह कि मेरा विवाह वर्ष दिसम्बर 2017 को दीपक कुमार कौशिक पिता रामेश्वर कौशिक के साथ भिलाई में विवाह संपन्न हुआ है ।
3. यह कि विवाह के पश्चात मेरा नाम पुष्पलता कौशिक पति दीपक कुमार कौशिक हो गया है ।
4. यह कि मेरे पति दीपक कुमार कौशिक का वर्ष मई 2020 में मृत्यु हो गया है ।
5. यह कि मेरी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम पुष्पलता पिता देव कुमार वर्मा दर्ज है ।
6. यह कि मेरे पति दीपक कुमार कौशिक का मृत्यु हो जाने के कारण मै अपनी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में दर्ज नाम "पुष्पलता पिता देव कुमार वर्मा" शासकीय चलन में उपयोग करना चाहती हूँ ।
7. यह कि मेरे नाम पर जारी आधारकार्ड, पेनकार्ड, एसबीआई बैंक पास बुक में मेरा नाम पुष्पलता वर्मा, पिता का नाम देवकुमार वर्मा, दर्ज है शासकीय चलन में कंडिका 7 में दर्ज नाम पुष्पलता वर्मा पिता देव कुमार वर्मा उपयोग करना चाहती हूँ अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

**// सत्यापन //**

मैं सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 7 तक की कथन सत्य है।

**शपथकर्ती**
**पुष्पलता वर्मा**

**प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, रांची**

ब, अदालत मूल वाद संख्या - 588/2024

**भावना चंद्र, उम्र-36**, पिता रमेश चंद्र सिंह, पता- B-2/14, सेक्टर-1, नियर आदर्श स्कूल, उदय सोसाइटी, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492099

.........**आवेदक**

**बनाम**

**कीर्ति कौशल, उम्र-41**, पिता स्व.एन.पी. सिंह पता- B-2/14, सेक्टर-1, नियर आदर्श स्कूल, उदय सोसाइटी, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492099

.........**विपक्षी**

**नोटिस बनाम्**

कीर्ति कौशल, उम्र-41, पिता स्व.एन.पी. सिंह पता- B-2/14, सेक्टर-1, नियर आदर्श स्कूल, उदय सोसाइटी, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492099

चूं बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाए है कि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध उपरोक्त अदालत में मूल वाद संख्या- 588/2024 धारा 13(1)(ia) हिन्दू विवाह अधिनियम का मुकदमा दाखिल किया है जिसमें आपको नजारत एवं के द्वारा नोटिस भेजा गया किन्तु आप उपरोक्त वाद में आप अभी तक उपस्थित नही हुए हैं।

अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 17.02.2025 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।

यह नोटिस अदालत के मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 05.02.2025 को जारी किया गया। इसे सख्त ताकिद जाने।

मुहर

**आदेशानुसार**
**प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, रांची**
**सरिस्तेदार**






# तीन साल की बच्ची के पेट में तीन किलो का ट्यूमर, डाक्टरों ने लंबी सर्जरी के बाद बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असहनीय पीड़ा और पेट में सूजन की शिकायत लेकर इलाज के लिए डीकेएस पीजीआई में लाई गई तीन साल की बच्ची के पेट में तीन किलो का ट्यूमर बन गया था। ट्यूमर बच्ची की किडनी और हृदय में रक्त की सप्लाई करने वाली महाधमनी को प्रभावित कर रहा था। कम उम्र की इस बच्ची के ऑपरेशन में बड़ा जोखिम था जिसे स्वीकारते हुए डाक्टरों की टीम ने घंटों मेहनत कर ट्यूमर को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार बच्ची के माता-पिता उसे लेकर कुछ दिन पहले डीके हास्पिटल के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग में आए थे। उन्होंने बताया कि बच्ची के पेट में सामान्यतः कठोरता है। साथ ही वह अक्सर पेट दर्द की शिकायत करती है। माता-पिता की जानकारी के आधार पर जब तीन साल की बच्ची की सीटी स्कैन सहित अन्य जांच की गई, तो उसके पेट में बड़ा ट्यूमर था। ट्यूमर अत्यधिक जटिल था, क्योंकि यह किडनी के निचले भाग से एक्सोफाइटिक रूप में विकसित हो रहा था। साथ ही रक्त वाहिकाओं महाधमनी और निचली महाशिरा को प्रभावित कर रहा था। उसका आकार काफी बड़ा था और तीन किलो वजनी था, सर्जरी नहीं होने पर भविष्य में यह बड़ा जोखिम का कारण बन सकता था। इस बात को ध्यान में रखते हुए पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम के साथ अस्पताल की एकेडेमिक इंचार्ज एवं अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा, डा. नितिन शर्मा और डा. दीपक सिंह के नेतृत्व में सर्जरी पूरी की गई। सर्जरी के बाद ट्यूमर को सफलता पूर्वक बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद ट्यूमर की कोशिकाओं को जड़ से समाप्त करने उसे कीमोथैरेपी दी जा रही है।

## असहनीय पीड़ा की शिकायत पर डीके अस्पताल लाई गई थी बच्ची

### क्या है विल्म्स ट्यूमर

पीडियाट्रिक सर्जन डा. नितिन शर्मा ने बताया कि विल्म्स ट्यूमर बच्चों में पाया जाने वाला एक दुर्लभ लेकिन आक्रामक गुर्दे का कैंसर है। आमतौर पर जीन में होने वाले बदलाव की वजह से पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होता है। इसकी सही समय पर पहचान कल ली जाए, तो ठीक होने की संभावना अधिक होती है। इससे पीड़ित बच्चों के पेट में सूजन या कठोरता महसूस होती है, साथ ही उन्हें काफी दर्द का अहसास होता है।



### पीडियाट्रिक सर्जरी में विशेषज्ञता

डीकेएस पीजीआई की एकेडमिक इंचार्ज तथा अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा ने बताया कि अस्पताल उच्चस्तरीय कैंसर और बाल चिकित्सा सर्जरी में अपनी विशेषज्ञता स्थापित कर रहा है। कम आयु में पेट के भीतर बड़े ट्यूमर को हटाना काफी जोखिम भरा था, जिसे चिकित्सकीय टीम ने पूरा किया। अस्पताल में विभिन्न तरह की उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मौजूद है, जिसके माध्यम से मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### वैक्सीन के उचित रखरखाव के लिए ट्रेनिंग



रायपुर। विभिन्न तरह के वैक्सीनों के उचित रखरखाव के लिए कोल्ड चैन हैंडलरों को ट्रेनिंग दिया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ संजीव मेश्राम की उपस्थिति में राजधानी के निजी होटल में कोल्ड चैन हैंडलर की कोल्ड चैन मेंटेन, टीका के रखरखाव और नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में डॉक्टर नितिन पाटिल एसएमओ डब्लूएचओ, मास्टर ट्रेनर के रूप में सुनील स्टेट रिसोर्स परसन, सुरेश शर्मा रेफ्रिजरेटर टैक्नीशियन, कोल्ड चैन हैंडलर दुर्गाचरण साहू, कोल्ड चैन मैनेजर काजेश्वर सिंह द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय से सांख्यिकी अधिकारी डीके बंजारे, सेक्टरियल असिस्टेंट राज यदु, जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे उपस्थित थे।

### निशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र वितरित



रायपुर। ग्राम खोरपा में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करना था। केयर स्किल फाउंडेशन के माध्यम से 88 महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेहंदी ट्रेनर प्रज्ञा देवांगन ने महिलाओं को मेहंदी डिजाइनिंग की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी और उन्हें व्यावसायिक स्तर पर प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 1 फरवरी को सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## ई-रिक्शा की लूट, बालक सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के रावांभाठा इलाके में हुई ई-रिक्शा लूट के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट का ई-रिक्शा भी बरामद किया है। शहर के बंजारी नगर रावांभाठा निवासी सालिकराम केवर्त 34 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 फरवरी की रात करीब 8.30 बजे वह ई-रिक्शा चलाकर रेलवे स्टेशन से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान डीआरएम ऑफिस के पास तीन लड़के जो सड़क पर खड़े थे, अचानक रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। सालिकराम ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका रिक्शा लूट लिया और फरार हो गए। घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लड़के सन्यासीपारा स्थित श्मशान घाट के पास ई-रिक्शा में बैठे हुए हैं। पुलिस ने इसके बाद तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का रिक्शा जब्त किया।



### रिक्शा के पाट्र्स अलग-अलग कर बेचने की फिराक में थे आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में आदित्य उर्फ मोन्टी सोना 18 वर्ष निवासी काली नगर गंज, शेखर वर्मा 25 वर्ष निवासी सुदामा चौक के पास जागृति नगर खमतराई एवं हुलेश सागर 20 वर्ष निवासी वाल्टेयर लाइन के पास जागृति नगर खमतराई के साथ एक नाबालिग है। ये सभी आरोपी चोरी के ई-रिक्शा के पाट्र्स को अलग-अलग कर उसे बेचने की फिराक में थे।

## भाजपा की महापौर प्रत्याशी व पूर्व नेता प्रतिपक्ष मीनल ने रूबरू दिए जवाब

# सुविधा देने प्राथमिकता से होगा विकास कैपिटल सिटी के रूप में मिलेगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैपिटल सिटी के रूप में रायपुर को जाना-पहचाना जाए, इसके लिए प्रयास करूंगी। लोगों को सुविधा देने के लिए प्राथमिकता से विकास कार्य होंगे। यह कहना है भाजपा कि महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे का। बुधवार को रूबरू में उन्होंने प्रेस क्लब में मीडिया के सामने अपनी प्राथमिकताओं को गिनाते हुए दो टूक कहा कि पहले क्या हुआ, यह शहर की जनता जानती है। रायपुर निगम में काफी सालों से काम कर रही हूं इसलिए समस्याओं से अवगत हूं। संपत्ति कर, सड़क चौड़ीकरण से जुड़े विषयों पर कहा कि पार्टी ने घोषणा पत्र में सब कुछ स्पष्ट किया है।

मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों के मुताबिक ही काम करूंगी। राज्य और केन्द्र में भाजपा की सरकार है, इसलिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे चुनावी व्यस्तता के बाद भी रूबरू में सवालों का जवाब देने मौजूद थीं। आगे कहा कि शहर बड़ा है और यहां जनता की मांग रहती है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, सड़क और नालियों की सफाई होती रहे। इसके लिए सरकार पैसा देती है। कई कार्यों के लिए केंद्र सरकार द्वारा फंड उपलब्ध कराया जाता है। अगर जीतकर आती हूं, तो मेरी प्राथमिकता होगी कि लोगों को चौड़ी सड़कें मिलें। निचली बस्तियों में पानी भरने की समस्या दूर हो। पिछले पांच सालों में यह काम नहीं हुआ।




### पैसे का समुचित उपयोग नहीं हुआ

राज्य सरकार निगम को शुद्ध पेयजल के लिए अच्छा खासा पैसा देती है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नालियों और सड़कों की सफाई के लिए पैसा आता है। मेरी प्राथमिकता होगी कि नालियों की नियमित सफाई होती रहे और सड़कें हमेशा साफ-सुथरी रहें। कांग्रेस के शासनकाल में यह कहा जा रहा था कि घरों से डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। इसके बाद भी गलियों में कचरा दिखता था। कई स्थानों पर रोज कचरे का अंबार लगता था। इन सब के लिए अच्छा खासा फंड भी था, लेकिन उपयोग पूर्व महापौर नहीं कर पाए।

## ऊर्जा तकनीक में 78% फेल, इंग्लिश में सर्वाधिक 90% छात्र उत्तीर्ण

रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को 8 सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। इनमें सबसे अच्छा परिणाम एमए इंग्लिश का रहा तो सबसे खराब प्रदर्शन रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने किया। एमए इंग्लिश तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 221 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 199 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 4 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि 18 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इस तरह से परीक्षा परिणाम 90.05 प्रतिशत रहे हैं। वहीं बैचलर ऑफ वोकेशन इन रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की परीक्षा में शामिल 9 छात्रों में से सिर्फ 2 ही उत्तीर्ण हो सके हैं। शेष 7 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इसके परिणाम 22.22 प्रतिशत रहे।

- मात्र 9 छात्रों ने ही दिलाई थी रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की परीक्षा

एमए अर्थशास्त्र के परिणाम भी अच्छे रहे हैं। परीक्षा दिलाने वाले 157 छात्रों में से 142 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 2 छात्र अनुत्तीर्ण हैं, जबकि 13 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया। परिणाम 90.45 प्रतिशत रहे हैं। इन विषयों के अलावा रविवि ने जिन कक्षाओं के परिणाम जारी किए हैं उनमें बैचलर ऑफ वोकेशन इन रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी पंचम सेमेस्टर, एमए साइकोलॉजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी बायोसाइंस, एमएससी सांख्यिकी (सभी तृतीय सेमेस्टर) शामिल है। रविवि ने सभी कक्षाओं के नतीजे अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### प्रथम वर्ष के नतीजे अंत में

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत बीए, बीकॉम और बीएससी की परीक्षाएं भी वार्षिक पद्धति से ना होकर सेमेस्टर सिस्टम से हो रही है। रविवि द्वारा आयोजित की जाने वाली अधिकतर सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्ति की ओर है। जिन विषयों में छात्र संख्या कम थी, उनका मूल्यांकन कार्य पहले पूर्ण कर परिणाम जारी किए जा रहे हैं। अधिक छात्र संख्या वाले विषयों का मूल्यांकन कार्य अभी जारी है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कॉपियां भी अभी जांची नहीं जा सकी है। सूत्रों के अनुसार, सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत सबसे अंत में परिणाम प्रथम वर्ष के ही जारी किए जाएंगे।

## बिजनेस साइट

### एसआरयू में विश्व कैंसर दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन कैंसर से बचाव और उपचार पर दी जानकारी

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एण्ड रिसर्च में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यीशा वर्मा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत समारोह से हुई। अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) कुन्दन ई. गेडाम ने विश्व कैंसर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. मोऊ रॉय ने कैंसर से बचाव और कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन के महत्व पर चर्चा की। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनीष प्रसाद ने कैंसर से संबंधित सांख्यिकी जानकारी प्रस्तुत की और उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. माइकल कुजुर ने कैंसर के विभिन्न प्रकारों और उनके निदान के लिए स्क्रीनिंग और डाइग्नोस्टिक विधियों पर विस्तृत जानकारी दी।



### डॉ. यशवंत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में निशुल्क परामर्श शिविर 7 फरवरी तक

रायपुर। स्व. डॉ श्रीकांत राजिमवाले की स्मृति में यशवंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 5 से 7 फरवरी तक चलेगा, जिसमें न्यूरो, आर्थो, वेरीकोस वेन्स, मेडिसिन और जनरल सर्जरी के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम द्वारा परामर्श व इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

इस शिविर में डॉ. गरिमा राजिमवाले, डॉ. सिद्धार्थ साहू, डॉ. अभिषेक तिवारी, डॉ. एम. साहू, और डॉ. प्रशांत कुलकर्णी मरीजों को जांच और परामर्श प्रदान करेंगे। शिविर में फ्री बोन डेंसिटी टेस्ट और न्यूरोपैथी स्क्रीनिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड, टी.पी.ए. और समस्त इंश्योरेंस की सुविधा भी दी जाएगी।

### वी.वाय हॉस्पिटल ने किडनी विभाग का नाम स्व. डॉ. श्रीकांत राजिमवाले के नाम पर रखा

रायपुर। वी.वाय. मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दिन स्व. डॉ. श्रीकांत राजिमवाले जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हॉस्पिटल ने अपने किडनी विभाग का नाम स्व. डॉ. श्रीकांत राजिमवाले के नाम पर रखने की घोषणा की।

इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. विष्णु गुप्ता ने डॉ. राजिमवाले के चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि डॉ. राजिमवाले एक सरल और कर्मठ डॉक्टर थे, जिन्होंने स्वयं किडनी ट्रांसप्लांट कराने के बावजूद समाज सेवा में लगातार योगदान दिया। डॉ. पूर्णेन्दू सक्सेना, डायरेक्टर, ने भी किडनी और अंग ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में डॉ. राजिमवाले के कार्यों की प्रशंसा की। इस समारोह में वी.वाय. हॉस्पिटल के डायरेक्टर सुजाता राजिमवाले (स्व. डॉ. श्रीकांत राजिमवाले की पत्नी), डॉ. आनंद जोशी, डॉ. श्रीधर राव, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. सुधीर टीचकुले, डॉ. सुनीत चौधरी, डॉ. सुरेश सिंग और स्व. डॉ. राजिमवाले के दामाद डॉ. सिद्धार्थ साहू सहित अन्य डॉक्टर्स और हास्पिटल स्टाफ भी मौजूद थे।



### रॉयल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर। रॉयल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना और टीम भावना को मजबूत करना था। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ पहले दिन रिले रेस से हुआ, जिसमें बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में हर्डल रेस, कॉन बैलेंसिंग रेस, खो-खो, कबड्डी, सेक रेस, ऑक्टोपस रेस, स्लो साइकलिंग और शॉट पुट जैसे कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार दिए गए और उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की गई।



### रायपुर में फिनिक्स सर्कस का आयोजन एक नई रोमांचक शुरुआत

रायपुर। फिनिक्स सर्कस पहली बार रायपुर में आयोजित होने जा रहा है, जो शहरवासियों के लिए एक शानदार और रोमांचक अनुभव साबित होगा। यह सर्कस 7 से 9 फरवरी तक बलबीर सिंह जुनेजा एसी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सर्कस में दर्शकों को अद्भुत एक्रोबैटिक्स, खतरनाक स्टंट्स और मनमोहक प्रदर्शन देखने को मिलेंगे, जो सर्कस के प्रति उत्सुकता को और भी बढ़ा देंगे। फिनिक्स सर्कस के शो में कई प्रकार के शानदार और रोमांचक प्रदर्शन होंगे, जिनमें एरियल एक्रोबैट्स, कॉमेडी और जोकर के हंसी के ठहाके और मजेदार करतब, कंटॉर्शनिस्ट्स और ताकतवर लोग, साथ ही क्लाउन लाफ जैसे इंटरेस्टिंग एक्ट्स शामिल हैं। सर्कस के शो के समय सुबह 11:00 बजे, दोपहर 1:00 बजे, शाम 4:00 बजे और 7:00 बजे होंगे। टिकट की बुकिंग दोनों ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से की जा सकती है, ताकि दर्शक अपनी सुविधानुसार टिकट बुक कर सकें।




### रायपुर ऑटो एक्सपो में वाहन बिक्री में जबरदस्त वृद्धि, होंडा एक्टिवा 110 का नया अवतार लॉन्च




रायपुर। रायपुर के ऑटो एक्सपो में ग्राहकों की संख्या और वाहन बिक्री में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि देखने को मिल रही है। 15 फरवरी तक चलने वाले इस एक्सपो में अब तक कुल 16,962 वाहनों की बिक्री हो चुकी है, जो कि पिछले एक्सपो के इसी अवधि के मुकाबले 155.07% ज्यादा है, जब केवल 6,650 वाहन बिके थे। इस दौरान टोटल मोटर व्हीकल्स टैक्स कलेक्शन में भी 230.44% की वृद्धि हुई है, जो 65,85,84,819 रुपए तक पहुंच चुका है। ऑटो एक्सपो में विभिन्न कंपनियों ने अपने नए मॉडल्स को लॉन्च किया, जिनमें से एक प्रमुख लॉन्च होंडा एक्टिवा 110 का नया वेरिएंट था। इस स्कूटर में कुछ नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जो ग्राहकों के लंबे समय से इंतजार में थे। इसके अलावा एमजी मोटर्स ने अपनी ग्लस्टर को प्रस्तुत किया, जो भारतीय बाजार में एक प्रमुख एसयूवी है।

### विश्व कैंसर दिवस पर एनकेडी अस्पताल ने छात्रों को किया जागरूक

रायपुर। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एनकेडी अस्पताल के निदेशक डॉ. देवप्रकाश देवांगन ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अडवाणी स्कूल के छात्रों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। इस दौरान, डॉ. देवांगन ने छात्रों को कैंसर के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली और नियमित जांच कितनी महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकों और कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। इस पहल में एनकेडी अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने भी कैंसर के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। नर्सिंग स्टाफ ने कैंसर के कारणों और उससे लड़ने के उपायों को चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिससे स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया।



# व्हॉट्सऐप में भिड़े प्राध्यापक-छात्र, समय-सारिणी में बदलाव माहभर पूर्व, लेकिन पता चला 24 घंटे पहले!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं में विवि प्रबंधन फेल हो गया है। परीक्षा संबंधित कार्यों में लगातार सामने आ रही लापरवाही के बीच फिर एक मामला सामने आया है। इस बार मामला बीए-बीएड और बीएससी-बीएड से जुड़ा हुआ है। बीए-बीएड और बीएससी बीएड की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी से प्रारंभ हो गई हैं। पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार इंग्लिश की परीक्षा 13 फरवरी को होनी थी, वहीं भूगोल की परीक्षा 6 फरवरी को होनी थी। परिवर्तित समय-सारिणी के अनुसार, इंग्लिश की परीक्षा अब 6 फरवरी को होगी तथा भूगोल की परीक्षा 13 फवरी को होगी।

रविवि ने सेमेस्टर कक्षाओं की समय-सारिणी दिसंबर माह में ही जारी कर दी थी। इसके पश्चात बीए-बीएड और बीएससी-बीएड की परीक्षाओं में बदलाव संबंधित यह अधिसूचना 8 जनवरी को जारी की गई। रविवि ने इसे महाविद्यालयों को प्रेषित किया और अपने आधिकारिक वेबसाइट में भी अपलोड कर दिया। छात्रों को इसकी जानकारी नहीं हो सकी और वे पुराने टाइम-टेबल के आधार पर ही पढ़ाई करते रहे।

### अपडेट नहीं छात्र

समय-सारिणी में परिवर्तन जनवरी माह में ही कर दिया गया था। इसे महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट में भी अपलोड किया गया था। छात्र अपडेट नहीं रहते हैं, इसलिए इस तरह की समस्याएं आती हैं।

**- प्रो.राजीव चौधरी,** मीडिया प्रभारी, रविवि

### ग्रुप में डाली गई सूचना, तब हुई जानकारी

प्रत्येक महाविद्यालय सहित रविवि अध्ययनशाला में भी प्राध्यापक-छात्रों का ग्रुप बना होता है। रविवि अध्ययनशाला के बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड प्रथम सेमेस्टर के व्हॉट्सऐप ग्रुप में जब 5 फरवरी को शिक्षक ने समय-सारिणी में बदलाव संबंधित अधिसूचना अपलोड की, तब छात्रों को ज्ञात हुआ कि टाइम-टेबल में बदलाव कर दिया गया है। इस मैसेज पर प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों का कहना था कि, ऐसा नहीं होता है। ये गलत है। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी का कहना है कि वे 6-7 माह पूर्व ही 12वीं की परीक्षाएं उत्तीर्ण कर महाविद्यालयीन जीवन में पहुंचे हैं। उन्हें स्कूल में उन्हें सूचनाएं उपलब्ध कराई जाती थी। जिस सूचना को ग्रुप में 24 घंटे पूर्व डाला गया, उसे पहले भी डाला जा सकता था।

# निगम ने शहर के 3 जोन से आधा दर्जन जगहों पर मार्केट डेवलपमेंट का भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बाजार विकास योजना के तहत राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने नगर निगम के 3 जोन से आधा दर्जन जगहों पर मार्केट डेवलपमेंट का प्रस्ताव बनाकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मंजूरी के लिए भेजा है। एमआईसी की बैठक में स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव जोन स्तर पर प्रस्ताव मंगाकर वेंडरों को सुव्यवस्थित करने के मकसद से बनाया गया है। इसमें राज्य स्तरीय कमेटी इस पर निर्णय लेगी।

- एमआईसी से स्वीकृति के बाद सूडा के पास मंजूरी के लिए लंबित

शहर को महानगर के अनुरूप सुव्यवस्थित करने रायपुर नगर निगम ने मार्केट डेवलमपेंट प्लान बनाया है। इसके लिए पूर्व में सभी 10 जोन को पत्र लिखकर जगह का चिन्हांकन कर प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि शहर में दो स्थानों को पीपीपी मोड पर वेंडिंग जोन के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें बूढ़ातालाब के पास पुराने धरना स्थल जोन 4 क्षेत्र में 10 वेंडरों का चुनाव लाटरी प्रक्रिया द्वारा नियम अनुसार किया गया है।

आचार संहिता हटने के बाद व्यवस्थापन की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह जब्बार नाला के पास जोन 3 के माध्यम से वेंडिंग जोन विकसित करने की तैयारी है।

### मार्केट डेवलपमेंट प्लान इन जगहों पर

- जोन 1 से संत कबीर दास वार्ड के गोंदवारा ओवर ब्रिजे के नीचे वाली जगह
- जोन 6 से टैगोर नगर चौक के समीप
- त्रिमूर्ति मंदिर के पास
- भाठागांव आटो स्टैंड के पास वाली खाली जगह
- जोन 8 से हीरापुर बाजार में वेंडर मार्केट का निर्माण किया जायेगा
- रायपुरा में महादेवघाट विसर्जन कुंड के पास

## न्यूनतम तापमान में होगी गिरावट रात को गर्मी से मिलेगी राहत

रायपुर। दोपहर के साथ-साथ सुबह और रात में महसूस हो रही गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 5 फरवरी से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। हालांकि इस राहत का असर दक्षिण छग पर नहीं होगा। 5 फरवरी से शुरु हो रहा गिरावट का दौर 7 फरवरी तक चलेगा। 6 और 7 फरवरी को उत्तर छत्तीसगढ़ में तीन से चार डिग्री तक तापमान में कमी आएगी। वहीं मध्य छत्तीसगढ़ में इस दौरान 2 से 3 डिग्री तापमान गिरेगा। दक्षिण छत्तीसगढ़ में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस अवधि में मौसम शुष्क ही रहेगा।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 6 फरवरी 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



होटल- भवनों में शुरू की तैयारी....


## लाइव इवेंट

## एनेस्थीसिया- क्रिटिकल केयर में इसकी महत्ता अधिक सुदृढ़



**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विभाग द्वारा ईपीआईसी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय शैक्षणिक आयोजन में विशेषज्ञों की अगुवाई में ज्ञानवर्धक सत्रों और अकादमिक चर्चाओं का आयोजन हुआ। इस सम्मेलन ने राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों व संकाय के सदस्यों को एक मंच पर लाते हुए एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर क्षेत्र में इसकी महत्ता को अधिक सुदृढ़ किया। इस सम्मेलन का नेतृत्व लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल एवं सीईओ AIIMS रायपुर ने किया। उन्होंने मुख्य संरक्षक की भूमिका निभाई जबकि प्रोफेसर (डॉ.) आलोक सी. अग्रवाल संरक्षक रहे।

### ऑपरेशन सेवा की बेहतरी

जनरल जिंदल ने आयोजन समिति को एक सुव्यवस्थित शैक्षणिक मंच प्रदान करने के लिए भी सराहा। इससे अग्रणी विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिला। उन्होंने एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विभाग के योगदान को भी रेखांकित किया। जो ऑपरेशन थिएटर सेवाओं और पेरिओपरेटिव केयर के विस्तार मे भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एम्स रायपुर उत्कृष्ट मरीज देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत कर रहा है।

### इलाज के नवाचार पर मंथन

*उन्होंने इंटरैक्टिव सत्रों, पैनल चर्चाओं और कार्यशालाओं के माध्यम से एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर में नवीनतम प्रगति पर विचार-विमर्श किया। वास्तविक नैदानिक स्थितियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समझाया कि कैसे एनेस्थेटिक तकनीकों और पेरिओपरेटिव प्रबंधन में हुए नवाचार प्रत्यक्ष रूप से रोगियों के उपचार परिणामों को प्रभावित करते हैं। आयोजन का समापन डॉ. जितेंद्र कलबांडे के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ.) सुब्रत सिंघाके प्रति विशेष आभार भी व्यक्त किया गया।*

● राजधानी में होली के लिए सजने लगा बाजार, वैरायटी में हर वर्ग के पसंद की पिचकारी

# बैटरी से चलेगी ऑटोमैटिक गन, इससे निकलेगी रंगों की फुहार, वॉटर-गुलाल सिलेंडर में जलेगी लाइट

"रंगों के महापर्व को खास बनाने के लिए इस बार थोक बाजार में बैटरी से चलने वाले ऑटोमैटिक गन के साथ वॉटर- गुलाल सिलेंडर भी बच्चों और युवाओं को आकर्षित करने वाले हैं। जल्द ही सड़क किनारे सजने वाली दुकानों में नजर आएंगे। इसे चलाने वालों को साउंड के साथ गन चलाने जैसा एहसास होगा। इस बार रंगों की फुहार के लिए पिचकारी की दर्जनों नई वैरायटी दुकानों में बच्चों ही नहीं, युवाओं को भी लुभाने वाली है। इसके लिए रिटेलर्स नए प्रोडक्ट की पूछ-परख करने और बुकिंग के लिए गोलबाजार भी पहुंच रहे हैं।

**रायपुर।** गोलबाजार और चिकनी मंदिर लाइन की कई थोक दुकानों में इन दिनों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से मंगाई गई पिचकारियों की धमक बढ़ गई है। इस बार हर्बल रंग और गुलाल ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए खास तरीके के तैयार गॉगल्स की विशाल रेंज है। इसे लगाकर बच्चों की आंखों के साथ चेहरे को भी रंगों के इंफेक्शन से बचाया जा सकेगा।






### - वॉटर टैंक, बंदूक स्मोक शॉट की धूम

*बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह होता है। इसे दोगुना करने के लिए इस बार बाजार में एयर गन के साथ वॉटर टैंक, सिलेंडर औक गुलाल सिलेंडर की 150 से लेकर हजार रुपए की विशाल रेंज है। बैटरी से चलने वाले गन से हर्बल गुलाल की फुहार के लिए बाजार में गुलाल गन भी देखने को मिलने वाला है। बंदूक पिचकारी पुराने दौर ही नहीं, बल्कि नए दौर के लिहाज से भी डिजाइन की गई है। पाइप के साथ ही लोटे के शेप में बनाई गई पिचकारी की पूछ-परख इस होली के सीजन में भी बरकरार रहने वाली है। इस बार वॉटर टैंक, बंदूक और स्मोक शॉट की धूम रहेगी।*

इसे देखते हुए रायपुर निगम सीमा में दुकान सजाने वाले रिटेलर्स तो महंगी पिचकारी के लिए आर्डर करने अरिहंत जैन और धनराज के पास पहुंच रहे हैं। इनके पास होली को यादगार बनाने के लिए कई तरह के साजो-सामान होने से रिटेलर्स जांचने ही नहीं, बल्कि बुकिंग कराने भी आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के रिटेलर्स कम रेंज की पिचकारी के साथ हाईप्रोफाइल फैमिली के लिए बैटरी से चलने वाली ऑटोमैटिक गन भी खरीद रहे हैं। 200 से 1000 की रेंज में मिलने से आर्डर भी कर रहे हैं।



### कॉर्टून कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी भी खास



थोक बाजार में डिलर्स ने इस बार छोटे बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए एनीमेशन कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी को भी मार्केट में उतारने का मन बनाया है। इनमें डीपर एंड बनी, ट्रांसफार्मर और शिवा प्रिंट वाले पिचकारी के साथ ही वॉटर टैंक और गुलाल टैंक उपलब्ध कराने वाले हैं। इस तरह की पिचकारी को बच्चों की पसंद को देखते हुए तैयार किया गया है। इसे रिटेलर्स भी आर्डर देने में रुचि ले रहे हैं। इस पिचकारी से उन्हें कमाई के साथ खरीदने वाले लोगों को भी फायदा मिलने वाला है, क्योंकि संभालकर चलाने से इन्हें कई सीजन में उपयोग किया जा सकेगा।

### इस बार दिल और बूम डिजाइन में गॉगल्स

*इस बार बच्चों के साथ बड़ों के लिए भी अलग-अलग डिजाइन में गॉगल्स भी रिटेलर्स के पास सजने वाले हैं। इसे दिल और बूम शेप के अलावा कई तरह से आकार में तैयार किया गया है। जो देखने में आकर्षक होने से पार्टी लुक में है। इसका इस्तेमाल बच्चे होली के बाद सामान्य सीजन में भी कर सकेंगे। साथ ही रंगों की वजह से त्योहार के बाद लोगों को स्किन संबंधित कोई परेशानी न हो, इसे देखते हुए ही हर्बल गुलाल और रंगों में फूलों की खुशबू भी मिलेगी। इनका रेंज भी लोगों की बजट में यानी 100 से 400 की रेंज में हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि लोग पसंद करेंगे।*

## सिटी इवेंट

## अर्थव्यवस्था और युवा पीढ़ी से देश को मिलेगी मजबूती



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'दैनंदिन जीवन में देशभक्ति' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सह संयोजिका महिला समन्वय एवं केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य भाग्यश्री साठये उपस्थित रहीं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र-छात्रों की उपस्थिति बनी रही। मुख्य व्याख्याता साठये ने बताया कि भारत ज्ञान का प्रतीक है। भारत की ज्ञान परंपरा अत्यंत वैभवशाली है।

आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है, जिसका मुख्य कारण भारत की लगातार सफलता है। देश का मजबूत अर्थव्यवस्था और युवा पीढ़ी ही उन्नति का कारण है। वर्तमान समय में युवा सोशल मीडिया पर भारतीय ज्ञान परंपरा और गौरव के महत्वपूर्ण जानकारियों को पढ़ें।





### दैनंदिन जीवन में देशभक्ति विषय पर व्याख्यान

*व्याख्यान में 'भारत' शब्द का अर्थ बताया गया। कहा, भा का अर्थ तेजस्विता का प्रतीक और रत का अर्थ लीनता से है। सभी युवाओं को अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक लोक कल्याण एवं जन जागरूकता के कार्य जरूर करने चाहिए, इससे उनका कुशल चरित्र का निर्माण होगा। इस दौरान छात्रों ने सवाल-जवाब में भारतीय संस्कृति से संबंधित सवाल पूछा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति जागृत करना है। इससे उन्हें देश और भारतीय संस्कृति के बारे में जानने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. आशुतोष मंडावी, डॉ. नृपेंद्र शर्मा शामिल हुए।*

# वैलेंटाइन वीक की तैयारी में सजा बाजार पार्टनर के लिए कस्टमाइज गिफ्ट

**रायपुर।** वैलेंटाइन-डे सभी प्रेमी जोड़ों के लिए खास होता है। इस महीने 7 से 14 फरवरी तक वैलेंटाइन वीक मनाया जाएगा। इस दौरान अपने पार्टनर को स्पेशियल महसूस कराने के लिए उपहार दिया जाता है। वैलेंटाइन डे के 15 दिन पहले ही दुकानों में गिफ्ट के ऑडर शुरू हो गए हैं। इसमें पार्टनर्स वैलेंटाइन वीक सेलिब्रेट करने और यादगार बनाने के लिए कस्टमाइज गिफ्ट तैयार करा रहे। शहर के दुकान संचालकों ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर कस्टमाइज गिफ्ट का चलन बढ़ गया है। इसमें पुरानी तस्वीर, मैसेज, रोस, रिंग, की-रिंग से फ्रेम तैयार कराया जा रहा। इस वर्ष खरीदारों की डिमांड पर रोस डे, प्रपोज डे, चॉकलेट डे, टेडी डे और 14 फरवरी वैलेंटाइन डे के लिए अलग-अलग गिफ्ट तैयार किया गया है।



### वैलेंटाइन वीक का सभी दिन स्पेशल

दुकान संचालक रश्मी अग्रवाल ने बताया कि वैलेंटाइन वीक में सभी दिन स्पेशियल होता है। ऐसे में रोस और प्रपोज डे सबसे खास होता है। रोस डे के लिए रंग-बिरंगे गुलाब से भरा बुके और आर्टिफिशियल गुलाब लोगों की पहली पसंद है। प्रपोज डे पर कस्टमाइज हैंडमेड लव कार्ड बनाया गया है। कार्ड में पार्टनर की तस्वीर, मैसेज और रिंग मौजूद होता है।

### शुगर-फ्री चॉकलेट



दुकान संचालक स्वेता अग्रवाल ने बताया कि वैलेंटाइन डे पर चॉकलेट डे गर्ल्स के लिए खास होता है। ऐसे में पार्टनर कस्टमाइज चॉकलेट तैयार करा रहे। इसे शुगर-फ्री, ड्राय फ्रूट, मखाना, टूटी-फ्रूटी, बिस्कीट और क्रिम के साथ बनाया जा रहा। साथ ही वैलेंटाइन डे पर गर्ल्स के लिए हैंडमेड झूमका, कंगन, पर्स, साड़ी, दुपट्टा, बलून, मेकअप कीट जैसे कई गिफ्ट के साथ कस्टमाइज गिफ्ट हैंपर बनाया जा रहा। जिसकी कीमत 1500 रुपए से शुरू है।

# लता महोत्सव में पहले स्वर्णिम धरोहर से नवाजे गए गजल गायक

**रायपुर।** लता महोत्सव 1 से 4 फरवरी तक आयोजित किया गया था। इस चार दिवसीय आयोजन में कई प्रसिद्ध कलाकारों ने प्रस्तुति दी। वहीं, प्रसिद्ध पार्श्व एवं गजल गायक स्वर्गीय भूपेन्द्र सिंह को नवा रायपुर सेक्टर 27 में आयोजित महोत्सव में मंगलवार की देर शाम याद किया गया। स्वर्णिम धरोहर लता फाउंडेशन के इस आयोजन में भूपेन्द्र सिंह की पत्नी सुप्रसिद्ध गजल गायिका मिताली सिंह ने मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग पदम सिंह शेखावत से सम्मान प्राप्त किया। पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), फाउंडेशन के संरक्षक अखिलेश्वर सिंह के साथ ही बीएसएफ के महानिरीक्षक हरिलाल, डीआईजी (बीएसएफ) संजय यादव प्रमुख रूप से मंचस्थ रहे।



### युवा बैंड द्रुत ने मचाई धूम

अटल नगर विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक डॉ. अनिल कुमार चौधरी, मनोज शर्मा, सुमन शर्मा, आईटीएम यूनिवर्सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हरेंद्र त्रिपाठी, प्रोफेसर डॉ. याशीन शेख ने इस आयोजन की गरिमा बढ़ाई। कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य आरती सिंह भी इसमें शामिल हुई। महोत्सव की शाम मशहूर युवा बैंड द्रुत ने प्रस्तुति दी। खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा द जर्नी ऑफ लता को नृत्य के माध्यम से पेश किया गया।

आधुनिक दौर में कुम्हार लोगों की पसंद बनने बदल रहे गुल्लक के डिजाइन, ताकि बनी रहे पूछ-परख

# बाजार में लोगों को आकर्षित करने हाथी, कछुआ ही नहीं, सब्जियों के साथ कार्टून की आकृति में गुल्लक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** हर व्यक्ति के जीवन की सबसे खूबसूरत यादों में गुल्लक भी शामिल हैं। सालों पहले सिक्कों से भरा मिट्टी का गुल्लक बच्चों के ही नहीं, बड़ों के लिए भी बचत बैंक हुआ करता था। समय के साथ मिट्टी के गुल्लक का चलन कम होने लगा। इसे देखते हुए कुम्हारों ने बाजार में खुद को बनाए रखने के लिए अब गुल्लक को भी खास तरीके से डिजाइन करके बनाना शुरू किया। अब कारीगर हाथी, कछुआ, फल और सब्जियों के साथ ही कार्टून की आकृति में भी गुल्लकों को सजाना शुरू किया है। इतना ही नहीं, अब गुल्लक लकड़ी, स्टील और प्लास्टिक के डिजाइनर डिब्बों की आकृति में भी मिलने लगे हैं। बाजारों में मिट्टी के साथ री-यूज करने वाले गुल्लक भी हैं।



### चीनी मिट्टी का गुल्लक पहली पसंद

आनंद कुमार ने बताया कि दुकान में चीनी मिट्टी, लॉक पेटर्न, प्लास्टिक और मिट्टी के गुल्लक मौजूद हैं। इसमें चीनी मिट्टी और लॉक पेटर्न गुल्लक ही लोगों की पहली पसंद है। बच्चों को कार्टून थीम पर चीनी मिट्टी के गुल्लक पसंद आ रहे हैं। वहीं, परिजनों को लॉक पेटर्न वाले गुल्लक पसंद आते हैं। इसकी कीमत सौ रुपए से शुरू हो जाती है। इसे दूसरे राज्यों से खरीदा जाता है। चीनी मिट्टी के गुल्लक को कई लोग होम डेकोरेटिव की तरह भी उपयोग करने लगे हैं। इसलिए भी अब इनकी पूछ-परख बढ़ने लगी है।

### खास लुक वाले लकड़ी के गुल्लक



मुकेश राठौर ने बताया कि दुकान में स्टील और लकड़ी के लगभग 30 से अधिक डिजाइन के गुल्लक मौजूद हैं। स्टील के गुल्लक में घर, डॉल, पीगी, लाफिंग गुड्डा, डोरीमॉन, मिकी माउस जैसे पैटर्न शामिल हैं। वहीं, लकड़ी के गुल्लक में बैंक, ट्रेन का डिब्बा, चैस, पेटी, लॉकर, बोटल की आकृति दी गई है। लकड़ी से तैयार गुल्लक को हैंडमेड तैयार किया जाता है। इसे लंबे समय तक उपयोग में लाया जाता है। इसकी बनावट अन्य गुल्लक के मुकाबले क्लासी लुक देता है। इसकी कीमत 500 रुपए से शुरू है, जो आकार के अनुसार तय की जाती है।

### नहीं ले सकते मिट्टी की जगह

कारीगरों का मत है कि मिट्टी के गुल्लक की जगह प्लास्टिक, स्टील के गुल्लक कभी नहीं ले सकते हैं। अब दुकानों में विभिन्न डिजाइनर गुल्लक मिलने लगा है, जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इनमें पीगी बैंक को कार्टून, लॉकर, डॉल, पेट्स, घर की आकृति में भी बनाया जाने लगा है। जिसमें लॉक सिस्टम भी दिया जाता है। इसमें व्यक्ति अपने मनपसंद नंबर को लॉक की तरह यूज कर सकते हैं। वहीं, समय-समय पर बदल भी सकते हैं। इसे हर वर्ग के लोग खरीदना पसंद करते हैं।

### मिट्टी के गुल्लक में पेंटिंग

राकेश ने बताया कि मिट्टी के गुल्लक की खरीदी अभी भी की जाती है। लेकिन, सामान्य गुल्लक के बदले, हाथी, कछुआ, आम, सीताफल, संतरा, पक्षी के डिजाइन में तैयार गुल्लक लोगों की पहली पसंद है। साथ ही सामान्य गुल्लक को भी पेंट के माध्यम से नया स्वरूप दिया जाता है, जिससे उसकी कीमत भी बढ़ जाती है।

सिटी लाइव

## कैंसर से बचाव के दिए टिप्स स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं



**रायपुर।** जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में आने वालों को कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नशे की लत से दूर रहने के टिप्स दिए गए। विश्व कैंसर दिवस पर यूनाइटेड बॉय यूनिक थीम के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर एनसीडी की नोडल अधिकारी डा. प्रीति नारायण, जिला कंसलटेंट डा. वजिंदर कौर सहित अन्य अफसरों की अगुआई में कार्यक्रम का संचालन किया गया। लोगों को जानकारी दी गई कि कैंसर की समस्याएं लगातार बढ़ रही है इसकी मुख्य वजह अनियमित जीवनशैली के साथ तंबाकू का बढ़ता उपयोग है। उन्हें बताया गया कि जागरूक रहकर इस बीमारी से लड़ा जा सकता है। समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने पर भी जोर दिया गया।

### बताए गए प्रारंभिक लक्षण

लोगों को अवगत कराया गया कि सही समय पर इलाज से इस बीमारी से छुटकारा भी पाया जा सकता है। स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को कैंसर की पहचान के लिए उसके लक्षणों से भी अवगत कराया गया। साथ ही इसके बचाव के तरीकों से भी उन्हें अवगत कराया गया। इसकी जिम्मेदारी बिरगांव स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज अंजना कुमार शहरी कार्यक्रम प्रबंधक स्वतंत्र रहांगडाले ने निभाई।

लाइव इवेंट

## होनहार विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने पुरस्कार वितरण समारोह



**रायपुर।** मठपुरैना स्थित शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 'वार्षिक पुरस्कार वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कला, संगीत, शिक्षा, खेल, सामाजिक गतिविधियों में उत्तम कार्य करने वाले छात्राओं का मनोबल बढ़ाना है, इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के लंबित कार्यों में तेजी आई है। विभिन्न समस्याओं का निराकरण समय पर संभव हो रहा है। विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत महाविद्यालय को एक करोड़ की राशि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्राप्त हुई है।

### विद्यार्थियों का सम्मान

समारोह में 70 से अधिक छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें कला, हिन्दी, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, बीए, बीपीएड, डिप्लोमा योगा, विज्ञान, एमएससी वनस्पति शास्त्र, रसायन, बीएससी, बायो, पीजीडीसीए, बीकॉम के विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में प्रेमलता सिन्हा, धनेश्वरी नायक, नेहा जैन, योगिता डहरिया, बरखा जैन, लता महिलांग, संस्कृति अंनत, एकता तिवारी, पायल माहेश्वरी, धारा वर्मा, अंकिता सिंह, शेफाली बारीक, रुचिका चावला, पूनम साव, भावना साहू, निकिता वर्मा, युक्ति वर्मा, आरती सिंह, पल्लवी चद्रवंशी, नजमा मिर्ज़ा, मुस्कान लालवानी, क्षमा देवांगन, गीतिका बैस को पुरस्कृत किया गया।

सिटी इवेंट

## सूचना- संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी के क्षेत्र में शहर की प्रगति पर डाला प्रकाश



**रायपुर।** राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली के 16 प्रतिनिधि मंडल की टीम 6 दिनों के लिए छत्तीसगढ़ भ्रमण पर हैं। टीम के नोडल अधिकारी संभागायुक्त महादेव कावरे हैं। उनकी अगुवाई में ही इस प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल से राज्य की कल्याणकारी योजना पर चर्चा हुई। साथ ही उनकी मुलाकात डीजीपी से भी हुई। उनसे कानून व्यवस्था,नक्सल उन्मूलन के लिए अभी तक उठाए गए कदम, योजना और उससे जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल ने आईआईएम एवं नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के आईसीसीसी का भी भ्रमण किया।

### केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के रूप में

भारतीय प्रबंधन संस्थान में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कर्नल (डॉ) हरीन्द्र त्रिपाठी द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य नवा रायपुर अटल नगर में चल रहे बुनियादी ढांचे को समझना था, जो एक ग्रीन फील्ड स्मार्ट सिटी है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आईसीटी के क्षेत्र में प्रगति पर प्रकाश डाला। साथ ही एकीकृत कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर को शहर के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र के रूप में प्रदर्शित करके बताया गया। इस प्रतिनिधि मंडल द्वारा महासमुन्द के सिरपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगॉव का भी भ्रमण किया।

● शहर में सरोकार से जुड़ी संस्थाओं ने शुरू की वैवाहिक आयोजन की पहल, मीटिंग में बांटी जिम्मेदारियां

# होटल- भवनों में शुरू की तैयारी, कर्मा जयंती पर भी आदर्श विवाह के लिए सजेंगे लग्न मंडप

'सरोकार से जुड़े अलग-अलग समाज ही नहीं, कई संस्थाएं भी फरवरी- मार्च में होटलों और भवनों में लग्न मंडप सजाने की तैयारी में हैं। इसके लिए व्यवस्था बनाने और सहयोग के लिए अभी से जिम्मेदारी बांटने के लिए मीटिंग का सिलसिला भी शुरू किया है। इसमें अग्रवाल समाज के साथ ही साहू समाज से जुड़ी संस्था ने इस बार सामूहिक एवं आदर्श विवाह के लिए पंजीयन को अंतिम रूप देना शुरू किया है।'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन आगामी फुलेरा दूज यानी एक मार्च को निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन करने वाला है। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल एवं प्रमुख सलाहकार दीनदयाल गोयल, महामंत्री संजय अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत उन परिवारों से आवेदन आमंत्रित हैं जिन्हें अपनी कन्या का विवाह इस आयोजन में कराना है। इसका उद्देश्य है कि कन्या के विवाह में होने वाले अनाप-शनाप खर्च को लेकर जो मां-बाप चिंतित रहते हैं, उन्हें राहत मिल सके। वैदिक संस्कृति और सनातन धर्म के प्रति परिवारों की रुचि बढ़े। संयोजक शोभा केडिया, रमेश अग्रवाल, रमेश बंसल ने बताया कि इसके लिए जिम्मेदारी बांटी गई है।

### होटल में सजाएंगे लग्न मंडप



उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह एक दिवसीय होगा। इसमें सभी वैदिक रीति से विवाह कराए जाएंगे। सामूहिक विवाह के इच्छुक तय जोड़े, आवेदन करें। साथ ही अपना संपूर्ण विवरण प्रेषित करें। इस आयोजन के लिए अभी तक 11 जोड़े ने पंजीयन कराया है। इस वैवाहिक आयोजन को इस बार होटल एंट्री पॉइंट, ट्रांसपोर्ट नगर, बंजारी माता मंदिर के सामने किया जाएगा। इसके लिए होटल पूरी तरह से आयोजन के लिए तैयार है। इसमें वर-वधू पक्ष को अलग-अलग कमरे भी दिए जाएंगे। जहां वे आयोजन की तैयारी खुद भी कर सकेंगे।

### कर्मा जयंती पर आदर्श विवाह

हर साल की तरह संत माता कर्मा समिति द्वारा माता कर्मा जयंती के दिन 51 जोड़े का आदर्श विवाह करवाने के लिए लक्ष्य तय किया है। इस आयोजन के संयोजक संतराम और संगठन सचिव अश्विनी साहू ने बताया कि अभी तक 20 जोड़े का आदर्श विवाह कराने की सहमति उनके परिजनों ने दी है। भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी मार्च में अंतिम मीटिंग करेंगे। इसमें पंजीयन के आधार पर मिली स्वीकृति के अनुरूप लग्न मंडप सजाने के लिए व्यवस्थागत तैयारी की जाएगी।

### 25 जोड़े तय, 10 तक पंजीयन

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम ने 15 और 16 फरवरी को होने वाले 15वें राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह की तैयारी शुरू की है। इसके लिए आशीर्वाद भवन में की गई संयुक्त बैठक में व्यवस्था समितियां बनाकर सेवाभावियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अभी तक 25 जोड़े तय हो चुके हैं। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस विवाह के लिए 10 फरवरी तक और भी जोड़े तय हो जाएंगे।

### गृहस्थी सामग्री मेहंदी-हल्दी रस्म

विवाहित जोड़ों को दान स्वरूप कपड़े, बर्तन, श्रृंगार सामग्री, सूटकेस, कुकर, पंखा और अन्य सामग्री की व्यवस्था समाज द्वारा दिए दान से की जाती है। इसकी जिम्मेदारी अनुराधा दुबे की अगुवाई में महिला मंडल की लीला ओझा, अनिता अग्रवाल, निशा अग्रवाल, संगीता यद्ु, आशा तिवारी, दिव्या अग्रवाल, मालती दुबे, श्वेता अग्रवाल को सौंपी गई। यह समिति सामग्री की व्यवस्था से लेकर पैकिंग तक का काम 10 फरवरी से प्रारंभ करेगी। समिति 15 फरवरी को शाम 4 बजे से मेहंदी, हल्दी की रस्मों का संचालन करेंगी। वहीं, मांगलिक गीतों का गायन महिला सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

ब्रह्माकुमारी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने किया संयुक्त आयोजन

## हमारा शरीर मंदिर के समान, नशाखोरी में बरबाद न करें, स्कूली बच्चों को दिलाई शपथ



**रायपुर।** हमारा शरीर एक मंदिर के समान है। इसमें चैतन्य आत्मा निवास करती है। हमें बीड़ी, सिगरेट और गुटका खाकर इसे अशुद्ध नहीं करना चाहिए। यह बात बुधवार को विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रायपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कही। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय और भारत शासन के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माना में बच्चों को नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें आगे कहा कि भगवान ने हम सबको बिना किसी भेदभाव के बहुत ही कीमती शरीर दिया है। एक-एक अंग बेशकीमती है।

### जरूरी है शरीर का देखभाल करना

आगे बताया कि एक आकलन के तहत सारे अंगों को मिलाकर इसकी कुल कीमत दो सौ करोड़ के आसपास की गई है। इतना मूल्यवान है हमारा शरीर। हृदय तक खून पहुंचाने वाली पतली नस में ब्लाकेज हो जाए तो लाखों रुपया खर्च हो जाता है। किडनी फेल हो जाए तो पच्चीस-तीस लाख तक खर्च हो जाते हैं। इसलिए, हमें अपने शरीर की देखभाल करने की जरूरत है। लेकिन, कुछ लोग इस शरीर की कद्र करने की बजाय तम्बाकू, गुटका, बीड़ी, सिगरेट का सेवन करके इसे अशुद्ध करते रहते हैं। नशा करते हुए बहुमूल्य अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं।

### तम्बाकू का तीसरा बड़ा उत्पादक

अदिति दीदी ने बताया कि युवा गलत संगत में फैशन के नाम पर नशे की गिरफ्त में हैं। भारत विश्व में तम्बाकू का तीसरा बड़ा उत्पादक व खपत करने वाला बन चुका है, जो चिंताजनक है। सर्वेक्षण से पता चला कि रोज भारत में पचपन हजार युवा तम्बाकू खाने की शुरुआत करते हैं। कुछ लोग मजे के लिए नशा करते हैं। इससे उनके ब्रेन में डोपामीन नामक रसायन बनता है, जो आनंद देता है। यही डोपामीन लोगों को नशे का आदी बनाता है। कार्यक्रम में अधीक्षक अनिल कुमार, सौम्या दीदी, रश्मि दीदी के साथ इंस्पेक्टर मनीश कुमार, प्राचार्या सरोज यादव उपस्थित थी।



## विद्यार्थियों को ट्रैफिक के प्रति सजग करने वाले सम्मानित

**रायपुर।** हर बार की तरह इस साल की शुरुआत में भी एक से 30 जनवरी के बीच ट्रैफिक जागरूकता की श्रृंखला से सजाने की मुहिम चलाई गई। इसमें सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्थाओं ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए सजग करने का प्रयास किया। ऐसी संस्थाओं के सहयोग की सराहना करने और उनका सम्मान करने के लिए समारोह आयोजन किया गया। संस्था से जुड़े मेंबर्स का सम्मान इसलिए भी किया गया, क्योंकि उन्होंने बाइक रैली, शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण का आयोजन करते हुए सहभागी बने। इसके लिए जिला प्रशासन ने वक्ता मंच को सम्मानित किया। वहीं, यातायात सड़क सुरक्षा 2025 के सम्मान समारोह में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने यातायात नियमों का पालन कराने और जागरूकता के लिए इस बार भी पहल करने वाली संस्थाओं के काम को सराहा।

### शिक्षण संस्थानों में दिया प्रशिक्षण

*एडिशनल एसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला, डीएसपी सतीश ठाकुर, गुरजीत सिंह, यातायात प्रशिक्षक टीके भोई ने महीनेभर चलाए गए जन जागरूकता अभियान के दौरान सहयोगी संस्थाओं का भी उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कमलेश कुमार वर्मा, मुकेश वर्मा, राजकुमार साहू, कृपाशंकर, योगेश वर्मा, पवन थापा ने व्यवस्था संभाली। वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू, संरक्षिका ज्योति शुक्ला एवं सहसचिव हेमलाल पटेल ने यह सम्मान प्राप्त किया। इस बार भी संस्था ने भागीदारी निभाते हुए स्वयं 10 शिक्षण संस्थानों में यातायात प्रशिक्षण का आयोजन किया। अध्यक्ष राजेश पराते ने इस सम्मान के लिए टीम वक्ता मंच के साथियों को बधाई दी।*

कचना स्थित आनंदम वर्ल्ड सिटी में तीन दिवसीय श्री मुनिसुव्रत जिनालय का भूमिपूजन महामहोत्सव

## मोक्ष के लिए पैसा, परिवार, गाड़ी, बंगला का मोह त्यागना होगा, यह मोक्ष के रास्ते में नहीं आती

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मोक्ष पाने के लिए आपको पैसा, परिवार, बंगला, गाड़ी जैसे सभी सांसारिक वस्तुओं को छोड़ना ही होगा। मोक्ष के रास्ते में भी यह सारी चीजें दूर-दूर तक नहीं आती है। यह बात महामहोत्सव के पहले दिन बुधवार के प्रवचन श्रृंखला में विराट तपस्वी पूज्य विरागमुनि जी ने कही। कचना में आनंदम वर्ल्ड सिटी में बुधवार को तीन दिवसीय श्री मुनिसुव्रत जिनालय दादावाड़ी के भूमिपूजन महामहोत्सव का शुभारंभ हुआ। सुबह गुरु भगवन्तों का गाजे-बाजे के बीच ऐतिहासिक प्रवेशोत्सव हुआ। इसके बाद गुरु भगवंत के श्रीमुख से श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। मुनिश्री ने आगे कहा कि अब आप बोलोगे कि हमें एक साथ 100 प्रतिशत मोक्ष चाहिए, तो ऐसा संभव नहीं है।



### गणि पदारोहण-बड़ी दीक्षा का आयोजन



श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन श्वेतांबर संघ की ओर से अखिल भारतीय खर्तरगच्छ महासंघ के तत्वावधान में गणि पदारोहण-बड़ी दीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सभी आयोजन मनोज कुमार, बाबुमल हरण के मार्गदर्शन में होंगे। गुरुवार को सुबह 8.30 बजे 1008 पुण्यवंतो द्वारा जिनालय दादावाड़ी का भूमिपूजन एवं भूमिग्रहण समारोह का आयोजन होगा। दोपहर 1.30 बजे सिद्धचक्र महापूजन होगा और शाम 7.30 बजे सांझी संगीत एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें गायक राहुल झाबक मधुरमई प्रस्तुति देंगे।

### 100 परसेंट होने पर मिलेगा मोक्ष

आपके व्यापार में किसी पार्टी से आपको पैसे लेने हो और वह एक साथ पैसे देने में असमर्थ होकर कहता है कि अभी आप 25 परसेंट ले लीजिए, फिर 25 प्रतिशत ले लीजिएगा। बाकी के पैसे भी इसी इंस्टॉलमेंट में दी जाएगी, तो क्या आप मना करते हैं। आप मना नहीं करते। क्योंकि, व्यापार में तो आप ऐसा बोल नहीं सकते कि पूरे पैसे एक साथ देना, नहीं तो मत देना। ऐसा बोलने से हो सकता है आपको नुकसान हो जाए। सामने वाली पार्टी लॉस में आ जाए और आपको जो 25 प्रतिशत पैसा मिल रहा था वह भी डूब जाए, तो आप किस्तों में भी पैसे लेने को तैयार हो जाते हैं। लेकिन, मोक्ष के लिए आपको 100 परसेंट चाहिए।

### साधु-संतों की बात में ना फंस जाए

मुनिश्री ने कहा कि लोगों को व्यापार से इतना प्यार हो चुका है कि उनके पास धर्म के लिए समय नहीं है। अब वह खुद तो नहीं आते और बच्चों को भी चातुर्मासिक गतिविधियों में भाग नहीं लेने देते हैं। ऐसा वे इसलिए करते हैं, क्योंकि डरते हैं कि बच्चा साधु-संतों की बात में ना फंस जाए। बच्चा अगर चातुर्मास में जाएगा तो घर आकर पिता को गलत करते देखेगा। रात्रि भोजन करके आप पाप कर रहे हो, नरक में जाओगे कहेगा, तो आप उनकी ऐसी बातें बर्दाश्त नहीं करोगे, इसीलिए उसे पहले ही जाने से रोक दिया। वहीं, जब बेटा अमेरिका जाएगा तो आप 10 लोगों को बताओगे कि मेरा बेटा अमेरिका में रहता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट का चैंपियन बना रायपुर



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का फायनल मैच रायपुर बनाम प्लेट कंबाइंड के मध्य आर डी सी ए मैदान रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 56 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाये। जिसमे अंश राज आर्यन ने सर्वाधिक 56 तथा रोहित यादव ने 44 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से वेदांत जैन ने 3 विकेट, कृष्णा टांक तथा कुनाल सोनी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 78 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाये। रायपुर की ओर से कृष्णा टांक ने 93 रन तथा कुनाल सोनी ने 76 रनों का योगदान दिया। वही प्लेट कंबाइंड की ओर से आदित्य यादव ने 5 तथा ओम कोशले ने 4 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड टीम अपनी दूसरी पारी में 37.2 ओवरों में 82 रन बनाकर आल आउट हो गयी। प्लेट कंबाइंड की ओर से तेजस मोरे ने सर्वाधिक 32 रन बनाये वहीं रायपुर की ओर से आदित्य अग्रवाल ने 4 विकेट, वेदांत जैन तथा कृष्णा टांक ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने मैच एक पारी तथा 36 रनों से जीत लिया।

### वर्ल्ड कप में भाग लेने राजगोपालन कोलंबो रवाना



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं विभिन्न आयु वर्गो में राज्य क्रिकेट टीम के कोच रह चुके भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत के राजगोपालन बुधवार की सुबह बैंगलोर से कोलंबो के लिए रवाना हुए। भारतीय टीम 7 फरवरी को एक प्रेक्टिस मैच खेलेगी। प्रतियोगिता 09 से 23 फरवरी तक श्रीलंका के कोलंबो में खेला जाएगा। फिक्स्चर के अनुसार भारतीय टीम अपना पहला मैच 09 फरवरी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 को वेस्टइंडीज,12 को वेल्स,13 को कनाडा,15 को साउथ अफ्रीका एवं आखिरी लीग मैच 18 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।

### नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले पेंटाथेलॉन टीम रवाना रमन ने दी शुभकामनाएं




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री व राज्य ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आज प्रदेश की मॉडर्न पेंटाथेलॉन टीम के खिलाड़ियों को किट वितरण कर उन्हें नेशनल गेम्स में विजयी होने की शुभकामनाये दी। उत्तराखंड में आयोजित नेशनल गेम्स में भाग लेने जा रही छत्तीसगढ़ की सभी टीमों में पेंटाथेलॉन की टीम सबसे बड़ी है। 22 प्रतिनिधियों के दल को डॉ रमन सिंह ने अपने निवास पर किट वितरण किया और कहा कि आप लोग पदक जीत कर अपना व राज्य का नाम रौशन करें। इस अवसर पर ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, मॉडर्न पेंटाथेलॉन संघ के अध्यक्ष अनिल पुसदकर, महासचिव प्रमोद ठाकुर, बास्केटबॉल संघ के महासचिव सुमित उपाध्याय, टीम के कोच रवि धनगर, तुलसी राम साहू एवं मैंनेजर रिमा राय उपस्थित रहे। इन खिलाड़ियो में रवि साहू, चंदन राम, भूमिका, दिलेश्वरी, चंद्रकला, डोमनलाल, पीयूष, प्रीति, जिला दुर्ग से. पुष्पराज, अजीत, कुंती, श्रेया, नेहा, रमा जिला रायपुर से. महासमुंद से मयंक पटेल, ममता, अभिषेक, विजेता व कवर्धा से मानिक, सुनील पाल एवं दिलीप कुमार विश्वकर्मा शामिल है।

## ऐसी आदतों को पहचानिए, जो समय से पहले आपको बूढ़ा बना रही

# अपनी जीवनशैली में बदलाव कर हमेशा जवां बने रहना अब नहीं है मुश्किल, जरूर कीजिए पहल

आपकी कुछ आदतें समय से पहले आपको बूढ़ा बना सकती हैं। जाने-अनजाने की गई इन गलतियों के चलते आप उम्र से काफी बड़ी नजर आ सकती हैं और इससे नुकसान भी हो सकता है। हम सभी स्वस्थ रहना चाहते हैं, लेकिन गलत खान-पान, अनियमित रूटीन और अनहेल्दी आदतों की वजह से हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

इन आदतों के चलते न केवल हमारी सेहत प्रभावित होती है, बल्कि इनकी वजह से समय से पहले ही आप बूढ़ी हो सकती हैं। जी हां, जहां सही खान-पान और हेल्दी आदतें बढ़ती उम्र को रोकने में मदद कर सकती हैं। वहीं, गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती है। इसलिए, इन आदतों को समय से पहले छोड़ना बहुत जरूरी है। यहां हम आपको 4 ऐसी आदतों के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आप उम्र से बड़ी नजर आने लगती हैं। इस बारे में डाइटिशिन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।



### डाइटिंग करना

आप शायद इस बात से अनजान होंगी लेकिन डाइटिंग भी आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती है। अक्सर लोग डाइटिंग के चक्कर में किसी हेल्दी फैट्स को अपनी थाली से पूरी तरह गायब कर देते हैं, जो कि सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। हेल्दी फैट्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं, जो स्किन को हाइड्रेटेड और हेल्दी बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। इसलिए, किसी एक फूड ग्रुप को पूरी तरह न छोड़ें।

### नाश्ते में बहुत ज्यादा फल खाना

फल बेशक सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं, लेकिन हेल्दी चीजों में भी सही बैलेंस बनाए रखना जरूरी है। फल न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं और इन्हें डेली डाइट में शामिल करना चाहिए। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा फल नाश्ते में लेती हैं, तो इससे फ्रक्टोज इनटेक बढ़ सकता है और इसकी वजह से ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव होने लगते हैं। इससे एसिड रिफ्लक्स, ब्लोटिंग और पेट से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। इनका असर हमारी स्किन पर भी होता है।




### लेट नाइट क्रेविंग्स

अगर आपको रात में भूख लगती है और आप मिडनाइट में स्नैक्स खाती हैं, तो इसका असर भी आपकी सेहत और एजिंग पर हो सकता है। लेट नाइट इटिंग, डाइजेशन पर बुरा असर डालती है। इसकी वजह से शरीर में फैट और टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं। जिससे आपकी स्किन जल्दी बूढ़ी नजर आती है।

### एक जगह बैठे रहना

अगर आप लंबे समय तक एक जगह बैठी रहती हैं, तो इसका असर भी आपके डाइजेशन और हेल्थ पर होता है। बैठे रहने से मेटाबॉलिज्म स्लो होता है। जिसकी वजह से फैट, एनर्जी में नहीं बदल पाते हैं और इससे एजिंग जल्दी होती है। अगर आप लंबे समय तक जवां बनी रहना चाहती हैं, तो इन आदतों को आज ही छोड।



# खट्टी डकार और ब्लोटिंग से हैं परेशान, तो उठाएं जरूरी कदम

एसिडिटी और खट्टी डकारें आना एक आम बात है, लेकिन आप इन्हें नियंत्रित भी कर सकते हैं। खानपान में बदलाव करने के अलावा ऐसी कुछ चीजें हैं जिसका सेवन करने से आप पेट की समस्या में राहत पा सकते हैं।

खट्टी डकार पाचन तंत्र की एक आम समस्या है। कई बार गलत खानपान के कारण हमारा शरीर खाने को ठीक से पचा नहीं पाता। इसके कारण गैस, एसिडिटी और खट्टी डकारें आना एक आम बात है। यह न केवल असहजता पैदा करता है, बल्कि पेट में जलन, भारीपन और गैस जैसी परेशानियों को भी बढ़ा सकती है।

आप कुछ भी खाएं या पिएं उसके बाद एकदम से खट्टी डाकर आने से मुंह का स्वाद भी खराब हो सकता है। अगर आप बार-बार पेट की इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो कुछ घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं।

आज हम आपको चार ऐसी चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका नियमित सेवन आपकी पाचन क्रिया को दुरुस्त रख सकता है और खट्टी डकार, गैस व ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है।

### खट्टी डकार आने के कारण-

**एसिड रिफ्लक्स-** ऐसी स्थिति जिसमें पेट का एसिड गले में वापस चला जाता है, जिससे खट्टा स्वाद या जलन होती है।

**सल्फर युक्त प्रोडक्ट्स -** ब्रोकोली, ब्रसेल्स स्प्राउट्स, लहसुन और डेयरी उत्पादों जैसे कुछ खाद्य पदार्थ सल्फर डकार का कारण बन सकते हैं।

**तनाव-** तनाव और चिंता सल्फर डकार जैसी पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

बैक्टीरियल संक्रमण- एच. पाइलोरी जैसे संक्रमण से हाइड्रोजन सल्फाइड की अधिकता हो सकती है, जिससे सल्फर डकार हो सकती है।

### खट्टी डकार और ब्लोटिंग को नियंत्रित करने वाली चीजें

**अदरक, नींबू और काला नमक-** पाचन के लिए अमृत



अदरक में मौजूद जिंजरोल पाचन एंजाइम को सक्रिय करता है, जिससे खाना जल्दी पचता है और गैस नहीं बनती। नींबू में साइट्रिक एसिड होता है, जो पेट की एसिडिटी को नियंत्रित करता है और डाइजेशन में सुधार करता है।

काला नमक, जो एक प्राकृतिक एंटासिड है, पेट की सूजन और गैस को कम करता है। अगर आपको बार-बार खट्टी डकार आती है या पेट भारी लगता है, तो इस नुस्खे को जरूर अपनाएं।

### कैसे करना चाहिए सेवनः

इसके लिए आप पहले अदरक को छीलकर उसके छोटे-छोटे टुकड़े काट लें। अब एक कांच की बर्नी में एक चौथाई कप नींबू का रस डा लें । इसमें एक चौ था ई छो टा च म्म च का ला न म क डालकर मिक्स करें। अदरक के टुकड़ों को इस सॉल्यूशम में डालकर डुबोकर रखें। खाने से 10-15 मिनट पहले इसका सेवन करें। इससे खाना पचाने में आपको मदद मिलेगी।



**पुदीने की चाय-** पेट को ठंडक और राहत देने के लिए

पुदीना एंटी-स्पास्मोडिक गुणों से भरपूर होता है, जो पेट की मांसपेशियों को रिलैक्स करता है और गैस को बाहर निकालने में मदद करता है। यह एसिड रिफ्लक्स को कम करता है और खट्टी डकार को रोकता है। इसके नियमित सेवन से पाचन बेहतर होता है और पेट हल्का महसूस होता है। अगर आपका पेट अक्सर फूला रहता है, तो रोज़ाना एक कप पुदीने की चाय पीना फायदेमंद रहेगा।

# हवन में क्यों जलाया जाता है नारियल, जानिए इसकी वजह



सनातन धर्म में पूजा-पाठ के दौरान नारियल का विशेष महत्व माना जाता है। इसके बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। हिंदू धर्म में किसी भी पूजा-पाठ में नारियल का विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि बिना नारियल के पूजा अधूरी मानी जाती है। यहां तक कि शादी और गृह प्रवेश में भी नारियल का खास प्रयोग किया जाता है, लेकिन हवन के दौरान नारियल को जलाने का विशेष महत्व है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं कि हवन में नारियल क्यों जलाते हैं।

### सुख-संपन्नता के लिए जलाते हैं नारियल

हवन के दौरान नारियल इसलिए जलाया जाता है, क्योंकि घर में सुख-समृद्धि का आगमन हो। अगर आपके घर में वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है, तो उसे शांत करने के लिए हवन में नारियल विशेष रूप से जलाने की परंपरा है।

### भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को नारियल है प्रिय

भगवान श्री हरि विष्णु (भगवान विष्णु मंत्र) और माता लक्ष्मी को नारियल बेहद प्रिय है। इसलिए हवन में नारियल जलाने से उनकी कृपा बनी रहती है और व्यक्ति के जीवन में चल रही सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

### मनोकामना पूर्ति के लिए जलाते हैं नारियल

अगर आपकी कोई ऐसी इच्छा है। जो मेहनत करने के बाद भी पूरी नहीं हो रही है, तो हवन करने के दौरान उसमें नारियल आखिर में अवश्य जलाना चाहिए और सभी देवी-देवताओं का नाम जरूर लें। इससे आपकी मनोकामना पूरी हो सकती है। इतना ही नहीं ऐसा कहा जाता है कि हवन के दौरान सभी देवी-देवताओं का घर में वास होता है। जिससे घर-परिवार में कभी किसी तरह की परेशानी नहीं आती है।

### नकारात्मकता दूर करने के लिए जलाते हैं नारियल

हवन करने के दौरान उसमें नारियल जलाने से नकारात्मकता से छुटकारा मिल सकता है। ऐसा कहा जाता है कि नारियल में एक अलग प्रकार की ऊर्जा होती है।

# खाने में आप भी ऊपर से छिड़कते हैं नमक, तो जान लें इसके नुकसान



क्या आप भी खाने के ऊपर से नमक छिड़क कर खाते हैं? जान लीजिए ऐसा करने से आपकी सेहत को कितना नुकसान हो सकता है।खाने का स्वाद अच्छा हो इसके लिए खाने में नमक होना बहुत जरूरी है। बिना नमक के तो खाना स्वादिष्ट बना ही नहीं सकता। यह जितना स्वाद के लिए जरूरी है उतना सेहत के लिए भी जरूरी है। सही मात्रा में इसका सेवन किया जाए तो शरीर को कई लाभ मिलते हैं, वहीं कुछ लोगों की आदत होती है कि वह खाने में ऊपर से नमक छिड़क कर खाते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। जरूरत से ज्यादा नमक का सेवन शरीर में कई तरह की बीमारियों को जन्म दे सकता है। आइए जानते हैं नमक ज्यादा का सेवन करने से क्या-क्या समस्याएं हो सकती है?

### ज्यादा नमक खाने के नुकसान

जरूर से ज्यादा नमक का सेवन आपको बीपी का मरीज बन सकता है। नमक में सोडियम होता है और जब आप इसका सेवन ज्यादा करते हैं, तो इससे शरीर में पानी जमा होने लगता है। इससे ब्लड वेसल्स पर दबाव पड़ता है और ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। नमक का सेवन करने से जब ब्लड प्रेशर बढ़ता है तो इससे दिल पर भी दबाव पड़ता है। दिल को ब्लड पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इस कारण हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा नमक का सेवन करने से शरीर में वाटर रिटेंशन हो सकता है जिसे हाथ पैर में सूजन की समस्या हो सकती है। इसे एडिमा के रूप में जाना जाता है, यह खासकर उंगलियों और टेक्नो के आसपास महसूस की जा सकती है। ज्यादा नमक का सेवन करने से कैल्शियम की कमी हो सकती है, जिससे हड्डियां भी कमजोर हो जाती है। आगे चलकर यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर समस्या में तब्दील हो जाती है। इसके कारण मांसपेशियों पर भी असर पड़ता है। ज्यादा नमक का सेवन करने से पसीना और यूरिन अधिक आता है इससे डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो जाती है।इसके कारण किडनी पर भी दबाव पड़ता है और किडनी की फंक्शनिंग भी खराब हो सकती है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बार्बी ह्सू की अचानक मौत पर पति डीजे कू ने तोड़ी चुप्पी, साझा किया दर्द



ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। 3 फरवरी को यह खबर आई, जिससे उनके प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं।

बार्बी को चीनी नववर्ष के दौरान जापान की पारिवारिक यात्रा के दौरान इन्फ्लूएंजा से संबंधित निमोनिया हो गया था। रिपोर्टों के अनुसार, वह बीमार पड़ गई और संक्रमण के कारण उसकी मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने बताया कि उसका अंतिम संस्कार जापान में किया जाएगा और उसकी राख को दफनाने के लिए ताइवान वापस लाया जाएगा।

हालांकि, इस खबर पर फैंस को यकीन नहीं हुआ और वे इसे फर्जी बताने लगे, लेकिन अभिनेत्री के पति डीजे कू ने अपना दर्द साझा कर इन अटकलों का खंडन कर दिया। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।' बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल की फिल्म 'वृषभ' की शूटिंग हुई पूरी, केक काटकर टीम ने मनाया जश्न



सुपरस्टार मोहनलाल की बहुप्रतीक्षित पैन-इंडियन फिल्म 'वृषभ' की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। फिल्म का अंतिम शेड्यूल मुम्बई में शूट हुआ। इसके पूरा होने पर कास्ट और क्रू ने केक काटकर जश्न मनाया। शूटिंग के इस लंबे और चुनौतीपूर्ण सफर को सफलतापूर्वक पूरा करने को लेकर टीम चेहरे पर उत्साह और जोश साफ नजर आ रहा था।

फिल्म का निर्देशन और लेखन नंद किशोर ने किया है जो पहले से ही अपनी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म को कनेक्ट मीडिया और बालाजी टेलीफिल्म्स ने मिलकर प्रस्तुत कर रही हैं। फिल्म की कहानी, एक्शन सीक्वेंस और कलाकारों के प्रदर्शन को लेकर लोगों को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। फैंस सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर अपना उत्साह जता चुके हैं।

फिल्म की शूटिंग मलयालम और तेलुगु दोनों भाषाओं में एक साथ की गई है, ताकि यह लोगों का अखिल भारतीय स्तर पर मनोरंजन कर सके। फिल्म के निर्माता शूटिंग खत्म होने के बाद अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं।

फिल्म 'वृषभ' को दिवाली 2025 में पांच भाषाओं, तेलुगु, मलयालम, हिंदी, तमिल और कन्नड़ में रिलीज करने की योजना है। 'वृषभ' का निर्माण शोभा कपूर, एकता आर कपूर, सीके पद्म कुमार, वरुण माथुर, सौरभ मिश्रा, अभिषेक व्यास, विशाल गुरनानी और जूही पारेख मेहता ने किया गया है।

### भोजपुरी

## खेसारी फिर से आकांक्षा संग ला रहे धांसू गाना, फोटो शेयर कर दिया हिंट




भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव सोशल मीडिया के स्टार हैं। उनके वीडियो आए दिन इंस्टाग्राम पर ट्रेंड करते रहते हैं। वह इस समय पंजाबी एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी के साथ अपने नए गाने 'लटक जाइबा' को लेकर चर्चा में हैं।

गाने के अलावा दोनों ने हाल ही में अपने वीडियो से भी इंस्टाग्राम यूजर्स का ध्यान खींचा था। खेसारी और आकांक्षा का लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ थै जिसमें वे जिम में एक साथ वर्कआउट करते नजर आ रहे थे। लेकिन अब उनकी नई पोस्टने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि दोनों अब नया क्या लेकर आ रहे हैं। आकांक्षा पुरी ने सफेद कलर के सूट में खेसारी लाल के साथ फोटो शेयर की है। खेसारी भी सफेद कपड़ों में ही हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ खड़े होकर पोज दे रहे हैं और रोमांटिक अंदाज में मुस्कुरा रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए आकांक्षा ने लिखा, 'आपकी फेवरेट जोड़ी वापस आ गई है।' फैंस तो उनकी पोस्ट पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं और रिएक्ट कर रहे हैं लेकिन एक कैटेगरी ऐसी भी है जिसे दोनों का पिछला भोजपुरी गाना शायद पसंद नहीं आया। उनमें से एक ने लिखा- फिर से सिरदर्द करवाओगे। एक ने कहा- अब क्या नई आफत है। एक ने लिखा- क्रिंज कंटेंट। आकांक्षा और खेसारी के जिम वीडियो ने भी लोगों को परेशान किया था। किसी को उनका वीडियो पसंद नहीं आया। ज्यादातर सोशल मीडिया यूजर्स ने इस तरह का वर्कआउट वीडियो शेयर करने के लिए दोनों की आलोचना की।एक यूजर ने लिखा था- हे प्रभु प्रेमा नंद, जियो खेसारी भैया।




वर्थ ग्लोबल स्टाइल नेटवर्क (डब्ल्यूजीएसएन) एक ऑनलाइन सेवा है जो फैशन, डिजाइन और स्टाइल उद्योगों को अनुसंधान, प्रवृत्ति विश्लेषण और इससे जुड़ी सूचनाएं प्रदान करती है। हाल ही में डब्ल्यूजीएसएन ने नौजवानों से जुड़े फैशन के आरामदायक डिजाइन पर कुछ तथ्य जारी किए हैं। इसके मुताबिक कि पिछले दो साल की अवधि में स्लीप वियर और रिसॉर्ट वियर आज ड्रेस और स्विमवियर से बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।

## ब्राइडल मेहंदी को इस तरह दें पर्सनलाइज टच



शादी की अहम रस्मों में मेहंदी लगाने का रिवाज निभाया जाता है। ब्राइडल मेहंदी अपने आप में खास होती है। यही कारण है कि लड़कियां मेहंदी के डिजाइन पर खास ध्यान देती हैं। आखिर ब्राइडल मेहंदी का स्पेशल होना तो बनता है।

क्या आप अपनी ब्राइडल मेहंदी को पर्सनलाइज टच देना चाहती हैं? ताकि आपकी मेहंदी और भी सुंदर लगे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ आइडियाज लेकर आए हैं जिन्हें आप अपनी मेहंदी डिजाइन के लिए चुन सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे जोडियक साइंस हमारी जिंदगी को कुछ हद तक प्रभावित करते हैं। इनका हमारी लाइफ में अहम रोल होता है। इसलिए दूल्हा दुल्हन के राशि भी देखी जाती है।

क्या आपकी भी शादी होने वाली है? मेहंदी रस्म में बस कुछ ही दिन बाकी हैं और आप चाहती हैं कि आपकी ब्राइडल मेहंदी सबसे अलग और मीनिंगफुल हो? तो ऐसे में आप अपने हाथों पर अपना और अपने पार्टनर का जोडियक साइन बन सकती हैं। आप सिंबल को अपने हिसाब से डेकोरेट भी करवा सकती हैं ताकि वह कर सुंदर दिखे। लीजिए बन गई आपकी ब्राइडल मेहंदी स्पेशल।

अगर आपको शायरी लिखने और पढ़ने का शौक है तो आपको यकीनन यह आइडिया जरूर पसंद आएगा। आप अपनी ब्राइडल मेहंदी में अपने पार्टनर को कोई शायरी डेडिकेट कर सकती हैं। मेहंदी को यूनीक टच देने के लिए आप चाहें तो हिंदी इंग्लिश के बजाय कोई दूसरी भाषा में भी शायरी लिखवा सकती हैं।शायरी नहीं तो केवल आई लव यू भी एक अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए आपकी इस स्टाइल की ब्राइडल मेहंदी सभी को जरूर पसंद आएगी।

## शादियों में पहनिए ऐसे लहंगे जो रहते हैं हमेशा चलन में





फिलहाल सर्दियां लौटने की राह पर हैं और शादियों का मौसम है। ऐसे में अगर बात करें महिलाओं की तो हर महिला को लहंगा पहनना बेहद पसंद है। ऐसे में आप शादियों में पहनने के लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। आज हम आपको लहंगे के कुछ लेटेस्ट डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप अभी से अपने लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। अगर आप अभी से अपना लहंगा तैयार करा लेंगी तो आपको शादियों पर अपना जलवा दिखा सकती हैं।



### फिशकट गोल्डन लहंगा

अगर आप कुछ अलग बनवाने का सोच रही हैं तो इस तरह का फिशकट लहंगा आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में स्टाइलिश लगता है।



### हैवी वर्क वाला ब्लू लहंगा

हिना खान का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। इस तरह के लहंगे में आप खूबसूरत के साथ आप अपना ग्लैमरस अंदाज भी दिखा सकती हैं।

### पीले रंग का लहंगा देगा अलग लुक

इस तरह का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। कियारा आडवाणी का ये लहंगा लुक देखने में काफी प्यारा लग रहा है। आप उन्हीं की तरह लहंगा बनवा सकती हैं।

### सिल्क फैब्रिक में हैवी लहंगा

अगर आपको सिल्क फैब्रिक का लहंगा पसंद है तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। सिल्क के फैब्रिक में आजकल ऐसा हैवी वर्क का लहंगा भी काफी चलन में है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

### करिश्मा का इंडो वेस्टर्न लहंगा लुक

अगर आप लहंगे के साथ इंडो वेस्टर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो करिश्मा कपूर का लहंगा एक बेहतर विकल्प है।

## हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल होता है अलग ब्रश, जानें इन्हें इस्तेमाल करने का तरीका

आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर किसी की जिंदगी में मेकअप की काफी अहम भूमिका होती है। मेकअप करने से सिर्फ खूबसूरती में चार चांद नहीं लगते, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल से लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। अगर आपको मेकअप करना आता है तो आप पूरी तरीके से अपने लुक में बदलाव ला सकते हैं।

दरअसल, सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है।

### फाउंडेशन ब्रश

लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।



### फैन ब्रश

जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।

### आईशैडो ब्रश

अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

## फटी-पुरानी लेगिंग्स भी हैं बड़े काम की, जरूर आजमाइए

आपको बस थोड़ी-सी मेहनत करनी होगी और आप पुरानी लेगिंग्स को नए-नए तरीके से घर में इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप क्राफ्ट और आर्ट्स में शौक रखती हैं, तब यह आपके बाएं हाथ का खेल होगा। आइए आपको पुरानी लेगिंग्स को दोबारा इस्तेमाल करने के तरीके बताएं।

### लेगिंग्स से बनाएं लैंपशेड्स

अगर आपके पास कोई प्रिंटेड लेगिंग पड़ी है, तो उसे फेंकने से अच्छा है कि अपने लैंप को सजा सकती हैं। आप उस पुरानी लेगिंग्स से एक खूबसूरत लैंपशेड बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं लैंपशेड

अपनी लेगिंग्स के दोनों पैरों को अलग-अलग काटकर रख लें। एक हिस्से को स्ट्रेच करें और फिर अपने लैंप पर एक किनारे पर ग्लू से चिपका दें। अप कपड़े को लैंप के चारों ओर लपेट लें। इसके बाद फिर से ग्लू से इसे अच्छी तरह से चिपका लें। ध्यान रखें कि



आप इसे लगाते हुए 1 सेंटीमीटर का मार्जिन छोड़ें। इस तरह से आप एक फैब्रिक से दो लैंपशेड्स का डेकोर कर सकती हैं।

### लेगिंग्स से बुना हुआ फ्लोर मैट बनाएं

आपने देखा होगा, आजकल कुछ चटाई वाले घर आकर आपके पुराने कपड़े मांगते हैं और फिर आपके लिए सुंदर से फ्लोर मैट तैयार कर देते हैं।

कार्नर न्यूज

### मेंसवियर में कम विकल्प के बावजूद लेटेस्ट फैशन जरूर अपनाएं

## कार्गो पैंट पहनना हो तो याद रखिए कुछ जरूरी स्टाइलिंग टिप्स, लोग करेंगे तारीफ

*पुरुषों के पास कपड़ों में वैरायटी कम होती है। लेकिन फिर भी विकल्प कई होते हैं। जैसे पैंट्स में ही उन्हें कई ऑप्शन मिल जाते हैं। बस इन ऑप्शन में से अपने लिए कोई खास चुनना होता है। इसमें ऐसा चुनाव करना होता है जो आप पर अच्छा लगे और मौके के हिसाब से भी ठीक हो। कार्गो पैंट्स भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन ज्यादातर पुरुष इन्हें हैंगआउट जैसे मौकों के लिए ही रखते हैं। लेकिन कार्गो के लिए सिर्फ मौके की नहीं स्टाइलिंग की भी जरूरत होती है। मतलब कार्गो पहननी है तो आपको स्टाइलिंग के कुछ खास विकल्पों को सीखना और समझना होगा, तब ही आप बेस्ट रिजल्ट पा सकेंगे। कार्गो को स्टाइल करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना होगा, जानिए-*

*तीन तरह की कार्गो पैंट्स में क्लासिक यूटिलिटी पैंट्स, कार्गो जॉगर्स और स्किनी कॉम्बाट ट्राउजर्स चलन में है।*



### ्लिम और स्ट्रेट कट

कार्गो पैंट्स अक्सर ढीले पैटर्न में बनी होती हैं। इस वजह से ये हर बॉडी टाइप पर सूट नहीं करती हैं। जबकि इस वक्त सबसे बेहतरीन कार्गो पैंट्स वो हैं जो स्लिम या फिर स्ट्रेट कट में बनी हों। ओवरसाइज़ कार्गो पैंट्स भी काफी पसंद की जा रही है लेकिन इतनी ढीली नहीं होनी चाहिए कि आप मजाक ही बन जाएं। इसलिए अपनी हाइट और पर्सनालिटी को देखते हुए स्ट्रेट, स्लिम या ओवरसाइज़ में से चुनाव करें।

### फैब्रिक हो ऐसा

कार्गो के स्टाइल और पैटर्न पर तो बात हो गई लेकिन इसके फैब्रिक के बारे में भी जान लीजिए। काग्रो में हमेशा कॉटन या corduroy मटेरियल ठीक रहता है। आप इन्हीं में से चुनाव करें।

### .कार्गो पैंट्स और स्टाइल

कार्गो का स्टाइल मिलिट्री जैकेट्स के साथ सबसे अच्छा लगता है। लेकिन कार्गो के साथ मिलिट्री जैकेट पहनकर ऐसा लगता है मानो अभी-अभी मिशन से आए हों। इसलिए इन पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का कॉम्बिनेशन कीजिए। इसके साथ हाइकिंग बूट्स पहनिए। ये लुक आप पर बहुत अच्छा लगेगा। गर्मी का मौसम है तो इस वक्त ओवरसाइज़ टीशर्ट और सफ़ेद स्नीकर्स भी पहने जा सकते हैं। एक कार्गो पैंट में कुछ खासियतें होनी चाहिए जैसे- प्लीटेड फ्रंट, बेहतरीन हेम और कलर में म्युटेड टोंस हो। कार्गो पैंट्स के साथ शर्ट नहीं लेकिन टी शर्ट बेहतरीन लगती है। टी शर्ट में भी चंकी क्रू नेक कार्गो के साथ अच्छी लगती है। इसके साथ टर्टल नेक टी शर्ट भी कार्गो के अथ अच्छे से मैच होती है

